॥सब सुख लहै
तुम्हारी सरना
तुम रक्षक काहू
को डरना॥

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026




inh
TATA PLAY
airtel

IPL
केकेआर
एसआरएच


## खबर संक्षेप

### कमर्शियल सिलेंडर 195 रुपए महंगा, भोपाल में 2084 रुपए का हुआ



**भोपाल।** किल्लत के बीच मध्य प्रदेश में कमर्शियल सिलेंडर 195 रुपए महंगा हो गया है। यह बढ़ोतरी घरेलू सिलेंडर के रेट 60 रुपए बढ़ाने के 25 दिन बाद 1 अप्रैल से की गई है। प्रदेश के 50 हजार से ज्यादा होटल और रेस्टोरेंट को जरूरत का 9 प्रतिशत सिलेंडर ही मिल रहा है। इससे कई होटल-रेस्टोरेंट का मेन्यू बदल गया है। गैस के रेट बढ़ने से खाना भी महंगा होगा। भोपाल में 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर 2084 रुपए, इंदौर में 2186 रुपए, जबलपुर में 2295 रुपए, ग्वालियर में 2307 रुपए और उज्जैन में 2251 रुपए में मिलेगा। इस बढ़ोतरी का होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों और मिठाई की दुकानों पर सीधा असर पड़ेगा, जिससे आम आदमी के लिए बाहर खाना और भी महंगा हो सकता है।

'स्कूल चलें अभियान': मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा

# आगामी 4 महीने तक शासकीय स्कूलों के 4 लाख बच्चों को साइकिलें मिलेंगी




साइकिल प्रदान करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बड़े पैमाने पर सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का आकर्षण बढ़ा है। इनमें ड्रॉप आउट खत्म करने के लिए शिक्षकों के साथ समाज के हर वर्ग ने संकल्प के साथ मेहनत की है। सरकारी स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकारी स्कूलों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह सरकारी स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। राजधानी के टीटी नगर स्थित मॉडल उमा विद्यालय में बुधवार को राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

> मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि पढ़ें-लिखें और आगे बढ़ें भविष्य में जहां तक अपने पंख लेकर उड़ना चाहें, उड़ें

**सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों बच्चों का आकर्षण बढ़ा : डॉ. यादव**



बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करते सीएम

- **बच्चों ने साइकिल की घंटी बजाकर, तो मुख्यमंत्री ने फूलों से किया स्वागत**
- **बच्चों को वितरित की गई निःशुल्क साइकिलें और पुस्तकें**
- **प्रोत्साहित करने वाले शिक्षक अभिभावक हुए सम्मानित**

### 1 से 4 अप्रैल तक चलेगा स्कूल चलें हम अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा है कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चलें हम अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है, जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं।

### प्रत्येक गांव का एक एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

### स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि पढ़ें-लिखें और आगे बढ़ें, भविष्य में जहां तक अपने पंख लेकर उड़ना चाहें, उड़ें। उन्होंने कहा कि हमने स्कूली बच्चों, विशेषकर छात्राओं के लिए स्कूटी योजना भी लागू की है। इसके अलावा, सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 76,000 शिक्षकों की नियुक्ति भी की है। राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है।

# नक्सलवाद की राख में छिपे अश्वत्थामा से सतर्क रहने का वक्त



**विशेष टिप्पणी**

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

*यह समय उल्लास का तो है लेकिन उत्सव का नहीं। यह समय उम्मीद बांधने का तो है, साथ ही आशंका का भी है। यह समय अपेक्षाओं का भी ही है लेकिन साथ ही साथ जिम्मेदारी का भी है। वह इसलिए क्योंकि भले ही पांडव अठारह दिन के भीषण संघर्ष के बाद महाभारत का युद्ध जीत गए लेकिन जीत के बाद निश्चिंतता की नींद ने उनके पक्ष के तमाम योद्धाओं को अश्वत्थामा के हाथों हमेशा के लिए सुला दिया था। वह तो द्वापर युग था तो एक ही अश्वत्थामा का अस्तित्व था। इस कलियुग काल में तो अब कौन अश्वत्थामा बन जाए, कहा नहीं जा सकता। महाभारत तो महज अठारह दिन का युद्ध था, नक्सलवाद के खिलाफ हमारे संघर्ष की अवधि तो छह दशक की है।*

*बीस हजार से अधिक निर्दोष नागरिकों और हजारों सुरक्षाकर्मियों को मौत के घाट उतार देने वाले सशस्त्र नक्सलवाद को लेकर मोदी सरकार में गृहमंत्री अमित शाह ने जब 24 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ में दहाड़ते हुए कहा था कि देश से हम 31 मार्च 2026 को इसे खत्म कर देंगे तो लोग हैरत में पड़ गए थे। अमित शाह की राजनीतिक क्षमता और प्रशासनिक दक्षता के लोग कायल हैं लेकिन यह ऐलान तो बतौर ज्योतिषी महसूस हुआ था। वक्त गुजरने के साथ लेकिन समझ में आने लगा कि शाह ने यह दावा अंतरिक्ष में नक्षत्रों की स्थिति को देखकर नहीं बल्कि जमीं पर सुव्यवस्थित रणनीति बनाकर किया था। यह उपलब्धि महज डेढ़ साल की मेहनत के आधार पर नहीं आई है। इसके पीछे वर्षों की मेहनत है। इस परिणाम की अभिलाषा पहले भी रही लेकिन उसके साथ दृढ़ इच्छाशक्ति, राज्य-केंद्र समन्वय, विभिन्न सुरक्षाबलों के मध्य समन्वय, आधुनिक तकनीक का अधिकाधिक उपयोग के उपयोग का अभाव वांछित परिणाम नहीं दे सका। सुरक्षाबल जब-जब हाथों में हथियार थाम घने जंगलों में छिपे दुर्दांत नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन शुरू करते तो उनकी ढाल बन तमाम मानव अधिकारों के स्वघोषित पैरोकार सड़कों पर आ जाते थे।*


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC
THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally, 5th India Rank
QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha, 9th in India among pvt. universities
nirf 2025: 17th Among Indian Universities
NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET: ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme: The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN Volunteers

KIITEE 2026
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)




Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)
- BA LLB (Hons) (5 Years)
- BBA LLB (Hons) (5 Years)
- B.Sc LLB (Hons) (5 Years)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- MBA (2 Years)
- MBA-Rural Management (2 Years)
- MBA -Agribusiness (2 Years)
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies
6000+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in
kiitee.ac.in
8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# ईरान ने बहरीन पर 186 मिसाइलों और 419 ड्रोन्स से किया हमला


पश्चिम एशिया में हालात विस्फोटक

ईरान का बहरीन पर मिसाइलों से हमला

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

पश्चिम एशिया में एक महीने से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष में हालात अब विस्फोटक और बेकाबू हो चुके हैं। इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है। बहरीन की सेना ने बताया है कि पश्चिम एशिया संकट के दौरान उनके देश पर 186 मिसाइल और 419 ड्रोन हमले हुए हैं। ये हमले ईरान की तरफ से किए गए। इस बीच, बुधवार तड़के कतर के तट के पास एक तेल टैंकर पर भी हमला हुआ। ब्रिटेन की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि एक प्रोजेक्टाइल जहाज से टकराया।

हालांकि, इस हमले में किसी तरह का पर्यावरणीय नुकसान नहीं हुआ और जहाज का चालक दल सुरक्षित है। वहीं, मंगलवार को दुबई के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर भी हमला हुआ था। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक फारस की खाड़ी में 20 से अधिक जहाजों पर हमले हो चुके हैं। ईरान ने कुवैत एयरपोर्ट पर एक तेल टैंकर पर भी हमला किया है। ईरान ने दावा किया है कि उसके लोरेस्तान राज्य में अमेरिका के एक ड्रोन को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। जिस ड्रोन को निशाना बनाया गया, वह लुकास ड्रोन था। ईरान में इंटरनेट बंद हुए 33 दिन बीत गए हैं। युद्ध के चलते ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट है।


ईरान के हमले से कुवैत एयरपोर्ट पर तेल टैंकर में लगी आग

## अमेरिका पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं: ईरान



ईरानी के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कथित तौर पर कहा कि ईरान को अमेरिका पर 'शून्य' भरोसा है। उन्होंने अमेरिका से किसी भी बातचीत के दावे को खारिज किया। ईरान में अमेरिका के संभावित जमीनी सैन्य अभियान की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए अराघची ने कहा कि तेहरान उनकी प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वे ऐसा करने की हिम्मत करेंगे। बहुत बड़ी ताकत उनका इंतजार कर रही होगी। हम अच्छी तरह जानते हैं कि खुद की रक्षा कैसे करनी है। एक जमीनी युद्ध में, हम इसे और भी बेहतर तरीके से कर सकते हैं। हम किसी भी प्रकार के जमीनी हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वे ऐसी गलती नहीं करेंगे।

## होर्मुज खुला रहेगा, पर यूएस के लिए नहीं



ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहेगा, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। अब 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म हो चुकी है। अजीजी ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा, जो ईरान के बनाए नए नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ट्रंप ने 'रेजीम चेंज' का सपना पूरा कर लिया है, लेकिन यह जमीन पर नहीं बल्कि समुद्र के नियमों में हुआ है।

*इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है*

कतर तट के पास ईरान ने एक तेल टैंकर पर किया हमला

ईरान ने यूएस के लुकास ड्रोन को बनाया निशाना

***नेतन्याहू का दावा- इजराइल इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा***

आईडीएफ प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल डेफरिन का दावा

## एक माह में ईरान के 4000 ठिकानों पर बरसाए 16000 बम, 2000 सैनिक ढेर



इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफरिन ने एक्स पर एक वीडियो संदेश में दावा किया कि अमेरिका के साथ इस संयुक्त अभियान में अब तक 4,000 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया है। इन हमलों में ईरान के 10,000 से अधिक आतंकी घटकों को नष्ट कर दिया गया है। इजराइल का दावा है कि उसने ईरानी हवाई क्षेत्र में एक ईरानी विमान को मार गिराया है। सेना ने यह भी कहा कि इस दौरान लेबनान में घुसकर हिजबुल्ला के खिलाफ भी अभियान तेजी लाई गई है। प्रवक्ता के अनुसार, इजराइली वायुसेना ने ईरान में लगभग 800 उड़ानें भरीं और 16,000 से ज्यादा बम बरसाए। इस सैन्य कार्रवाई में ईरान के 2,000 से ज्यादा सैनिकों और कमांडरों के मारे जाने की बात कही गई है। वहीं, मास्टर आतंकवादी अली खामेनेई को खत्म करने का भी दावा किया गया है। इजराइल ने दावा किया कि उसकी वायुसेना महज 24 घंटे के भीतर तेहरान के केंद्र तक पहुंच गई। सेना के मुताबिक सिर्फ 40 सेकंड के भीतर ईरानी शासन के 40 बड़े अधिकारियों को खत्म कर दिया गया।

## ईरानी सत्ता जल्द ढह जाएगी: नेतान्याहू



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस अभियान को लेकर कहा कि इजराइल और अमेरिका मिलकर ईरान सरकार को व्यवस्थित तरीके से कुचल रहे हैं। जल्द ही ईरान का शासन खत्म हो जाएगा। इजराइल इस क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा है ताकि ईरानी खतरे का मिलकर मुकाबला किया जा सके। उन्होंने साफ कहा कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक उनके लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि आतंक फैलाने वाले तंत्र को काफी कमजोर कर दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस अभियान से ईरान की सत्ता हिल गई है और अब वह पहले जैसी मजबूत नहीं रही। नेतन्याहू के मुताबिक हमने इस व्यवस्था को झकझोर दिया है और देर-सवेर यह गिर जाएगी। इजराइल के पीएम के इस बयान से साफ है कि क्षेत्र में तनाव अभी कम होने वाला नहीं है।

## इजराइल ने ईरान की फैक्ट्री पर किया हमला



इजराइल ने बुधवार तड़के दावा किया कि उसने ईरान में एक ऐसे प्लांट पर हमला किया है, जहां से फेंटानिल नामक शक्तिशाली सिंथेटिक ड्रग की आपूर्ति ईरान की सरकार को की जा रही थी। इजराइल का दावा है कि इस फेंटानिल ड्रग का इस्तेमाल रासायनिक हथियार बनाने में किया जा सकता था। ईरान सरकार ने भी तेहरान स्थित तोफिघ दारू फैक्ट्री पर हमले की पुष्टि की और इजराइल के दावे को खारिज कर दिया। ईरान ने जोर देकर कहा कि वहां केवल अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं का उत्पादन होता है।

### ईरान के विदेश मंत्री ने लगाए आरोप

दोनों देशों के अनुसार यह हमला मंगलवार को हुआ। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फैक्ट्री की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि इजराइल के युद्ध अपराधी अब खुलेआम और बेशर्मी से दवा कंपनियों पर बमबारी कर रहे हैं। फेंटानिल का इस्तेमाल अस्पतालों में गंभीर दर्द के इलाज के लिए किया जाता है, हालांकि इसकी थोड़ी सी मात्रा भी घातक साबित हो सकती है।

## मारा गया हिजबुल्लाह का प्रमुख कमांडर इस्माइल

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार को ऐलान किया कि इजराइली नौसेना ने बेरूत में हिजबुल्ला के कमांडर हज यूसुफ इस्माइल हाशेम को मार गिराया है। यह कार्रवाई मंगलवार को को की गई। हाशेम, हिजबुल्ला का दक्षिणी मोर्चे का कमांडर था। वह दक्षिण लेबनान में आतंकवादी संगठन की सैन्य गतिविधियों का प्रमुख था। सितंबर 2024 में हिजबुल्ला के पूर्व कमांडर अली कराकी और महासचिव हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हाशेम ने यह पद संभाला था। हाशेम के पास 40 साल से अधिक का अनुभव था और वह संगठन में केंद्रीय भूमिका निभाता था।

## बेरुत के पास इजराइली हमला, 7 लोगों की मौत



लेबनान की राजधानी बेरुत के दक्षिण में इलाके में इजराइल के हमले में 7 लोगों की मौत हो गई और 26 घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक यह हमला रिहायशी इलाके में हुआ, जिससे आसपास के घरों और गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा।

यूएन की रिपोर्ट में अहम खुलासा

## युद्ध से मिडिल ईस्ट को 18 लाख करोड़ का नुकसान



संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट के अनुसार, इस युद्ध से पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाओं को उनकी सामूहिक जीडीपी का 3.7 से 6 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। यह नुकसान अधिकतम 194 अरब डॉलर (18 लाख करोड़) तक हो सकता है। यह कुल आर्थिक नुकसान 2025 में पश्चिम एशिया क्षेत्र द्वारा हासिल की गई जीडीपी वृद्धि से भी अधिक हो सकता है। 'मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडिल ईस्ट: इकोनॉमिक एंड सोशल इम्प्लिकेशंस फॉर द अरब स्टेट्स रीजन' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बेरोजगारी दर में लगभग 4 प्रतिशत अंकों तक वृद्धि हो सकती है, जिससे करीब 36 लाख नौकरियां खत्म हो सकती हैं। यह संख्या 2025 में सृजित कुल नौकरियों से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते लगभग 40 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं। होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही 70% से ज्यादा घट गई है और तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।


**खबर संक्षेप**

### पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका



**चंडीगढ़।** पंजाब में भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका हुआ है। जिसके बाद भाजपा दफ्तर के बाहर अफरी-तफरी मच गई। यह धमाका चडीगढ़ के सेक्टर 37 स्थिति भाजपा कार्यालय के बाहर हुआ। यह ब्लास्ट बुधवार शाम पांच बजे हुआ। पता चला है कि दोपहिया वाहन से दो शख्स उतरे और बम फेंक दिया। एनआईए व एफएसएल टीम, चंडीगढ़ पुलिस की ऑपरेशन सेल जांच कर रही हैं।

### ईडी ने कोलकाता में 1.2 करोड़ रुपए जब्त किए



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कोलकाता में एक कथित अपराधी और उससे जुड़े गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत छापेमारी अभियान के दौरान लगभग 1.2 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की। यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू के खिलाफ हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के आरोप में दर्ज मुकदमे के तहत की जा रही है।

### धीरज सेठ ने सेना उप प्रमुख का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दक्षिणी कमान का जिम्मा संभालने वाले लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सेना के उप प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। वह लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह का स्थान लेंगे। ले. जनरल सेठ ने भारतीय सेना में महत्वपूर्ण नेतृत्व पद ग्रहण करते हुए सलामी गारद का निरीक्षण किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जयंती समारोह में लिया हिस्सा, कहा

# स्वामीजी संत समाज और राष्ट्र की आत्मा के साक्षात स्वरूप, उनकी 'विरासत' दिशा दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कर्नाटक के तुमकुरु स्थित श्री सिद्धगंगा मठ में डॉ. श्री श्री शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जन्मदिन समारोह और गुरुवंदन महोत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिवकुमार महास्वामीजी जैसे संत समाज और राष्ट्र की आत्मा के साक्षात स्वरूप हैं।

उन्होंने कहा कि 2019 में उनके देहावसान के बावजूद उनकी आध्यात्मिक विरासत आज भी समाज को दिशा दे रही है। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वामीजी का जीवन निर्धनों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके कार्य यह दर्शाते हैं कि आध्यात्मिकता को जनकल्याण के माध्यम से साकार किया जा सकता है।

***स्वामीजी का संपूर्ण जीवन निर्धनों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित रहा***



शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जयंती समारोह में उदबोधन देतीं राष्ट्रपति मुर्मू

### मठ आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ा रहा

राष्ट्रपति ने कहा कि परिश्रम, लोकसेवा और राष्ट्रसेवा परस्पर जुड़े हुए हैं तथा आध्यात्मिकता इन दोनों के लिए एक मजबूत और स्थायी आधार प्रदान करती है। यह मठ सेवा और आध्यात्मिकता की एक दीर्घ परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

### मठ की ओर से बच्चों के लिए निशुल्क भोजन, आवास, शिक्षा सराहनीय

*राष्ट्रपति ने श्री सिद्धगंगा मठ की सराहना करते हुए कहा कि मठ के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और शिक्षा की व्यवस्था की जाती है, जो अत्यंत सराहनीय है। यह संस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यहां प्राथमिक स्तर से लेकर इंजीनियरिंग और प्रबंधन तक की शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने शिक्षा को विकास की कुंजी बताते हुए कहा कि वंचित और गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करना देश का भविष्य निर्माण करना और राष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाना है।*

### महास्वामीजी के बताए मार्ग पर चलना उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि

*राष्ट्रपति ने कर्नाटक की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश लोकसेवा, राष्ट्रसेवा, आध्यात्मिकता और आधुनिक प्रगति के सबसे प्रभावी उदाहरणों में से एक को प्रस्तुत करता है। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण में योगदान के लिए राज्य के लोगों को बधाई दी। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि परिश्रम, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलकर ही शिवकुमार महास्वामीजी को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।*

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का दावा

## यूएस-भारत संबंधों को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप गंभीर, मजबूत बनाने में व्यक्तिगत रुचि

***व्हाइट हाउस में हुई ट्रंप से मुलाकात की तस्वीर साझा की***

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका और भारत के संबंधों को लेकर बेहद गंभीर हैं और इन्हें मजबूत बनाने में व्यक्तिगत रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप दोनों देशों के बीच के रिश्तों को बहुत अहमियत देते हैं।

सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वे कुछ दिनों के लिए अमेरिका वापस आए हैं। उनकी पहली मुलाकात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई। गोर ने बताया कि राष्ट्रपति दोनों देशों के संबंधों को लेकर काफी गंभीर हैं।

उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ओवल ऑफिस की एक तस्वीर भी पोस्ट की। राजदूत द्वारा साझा तस्वीर के अनुसार, मार्को रुबियो भी ओवल ऑफिस में हुई इस बैठक में मौजूद थे।


बाएं से गोर, डोनाल्ड ट्रंप, रूबियो

### वैश्विक चुनौतियों के बीच अहम बयान

*गोर की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव सहित कई वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद यूएस अपनी प्रमुख रणनीतिक साझेदारियों, खासकर भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दे रहा है। ट्रंप द्वारा भारत-अमेरिका संबंधों में दिखाई गई व्यक्तिगत रुचि को नीति निर्माताओं और विश्लेषकों द्वारा महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग और साझेदारी को और मजबूती देने का संकेत माना जा रहा है। पिछले 10 महीनों में भारत-अमेरिका संबंधों में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं।*

सेना की सुनियोजित कार्रवाई का असर

## गांदरबल में चल रही मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया, ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सेना ने मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया है। सेना ने बताया कि 31 मार्च की रात को रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच घेराबंदी को रणनीतिक रूप से पुनर्गठित किया गया। इसके बाद सेना ने सुनियोजित जवाबी कार्रवाई करते हुए प्रभावी ढंग से एक आतंकवादी को मार गिराया है। ऑपरेशन अभी जारी है। भारतीय सेना की चिनार कोर के अनुसार, मंगलवार की शाम को विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के जनरल



अरहामा क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और भारतीय सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की। रातभर चले मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। सेना ने आतंकवादियों के भागने के सभी रास्ते सील कर दिए हैं। माना जा रहा है कि गांव में दो आतंकवादी छिपे हुए थे।

भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव की व्हाइट हाउस को चेतावनी

# भारतीय तेल बाजार पर यूएस का दबाव मंजूर नहीं, भारत की विदेश नीति स्वतंत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के तेल बाजार को लेकर अमेरिका के दबाव के आरोपों पर रूस ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने कड़े शब्दों में कहा है कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी भी तरह के अमेरिकी दबाव को पूरी तरह खारिज करता है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम है। डेनिस अलिपोव ने कहा कि अमेरिका की ओर से भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिशें वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से बिल्कुल सही नहीं हैं।

मौजूदा हालात 'अमेरिकी ऑयल डिसरप्शन डिप्लोमेसी' का परिणाम


डेनिस अलिपोव

### भारत-रूस के बीच अमेरिका बाधाएं खड़ी कर रहा

*अलिपोव ने कहा कि हम साफ तौर पर देख रहे हैं कि अमेरिका भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिश कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापार के लिए सही तरीका नहीं है। हम भारतीय तेल बाजार पर अमेरिकी दबाव को खारिज करते हैं। भारत एक स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है और हम ऐसे दबाव नहीं मानने के उनके रुख का स्वागत करते हैं। टैरिफ विवाद पर उन्होंने कहा कि रूस वैश्विक राजनीति में किसी भी तरह के दबाव को सख्ती से खारिज करते हैं। यह व्यापार करने का सही तरीका नहीं है।*

### मॉस्को और नई दिल्ली के संबंध मजबूत हो रहे

*रूस के राजदूत ने कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि हाल के समय में भारत ने रूस से तेल आयात काफी बढ़ा दिया है। हम दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं। हाल ही में भारत को रूस से तेल की आपूर्ति में काफी बढ़ोतरी हुई है। हम इस दिशा में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे दोनों देशों को लाभ हो।*

### ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव

*राजदूत ने कहा कि मौजूदा हालात में ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। उन्होंने इसे 'अमेरिकी ऑयल डिसरप्शन डिप्लोमेसी' का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के बीच ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। अमेरिका-ईरान के बीच सैन्य कार्रवाई को रोकने और विरोधाभासों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को राजनयिक वार्ता शुरू करने की दिशा में अधिक प्रयास करने चाहिए।*

### पीएम मोदी का दिल से स्वागत

*वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी की संभावित रूस यात्रा को लेकर अलिपोव ने कहा कि मॉस्को इस साल उनकी यात्रा का दिल से स्वागत करेगा। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच हर साल शिखर बैठक का एक तंत्र है और पिछले साल दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति ने भारत का दौरा किया था।*

जबलपुर
गुरुवार 2 अप्रैल 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -15
वर्ष : 20, अंक : 331
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


हनुमान जन्मोत्सव आज.... श्री प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हनुमानगढ़ी ग्वारीघाट

[1] बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री, छतरपुर

## हनुमान जी की शक्ति का असल मूल्य है परोपकार का बड़ा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज श्री हनुमान जी का प्रकटोत्सव है। 'हरिभूमि' ने तीन प्रमुख संतों के श्रीमुख से हनुमान जी की व्याख्या सुनी। यही व्याख्या हरिभूमि अपने पाठको के लिए प्रस्तुत कर रहा है।



**भक्त और भगवान के बीच एक सेतु की भांति साथ निभाया**

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रवचनों का केंद्र बिंदु हनुमानजी के प्रति अटूट श्रद्धा है। उनकी दृष्टि में हनुमान जी केवल एक देवता नहीं, बल्कि कलियुग के जागृत स्वामी हैं। पंडित शास्त्री हनुमान जी की व्याख्या सेवा और समर्पण के सर्वोच्च आदर्श के रूप में करते हैं।



[2] पंडित गुरुशरण शर्मा पंडोखर सरकार, दतिया

## हनुमानजी संकटों को ही नहीं हरते वे योग व अनुशासन के प्रतीक भी



**हनुमान जी की सच्ची पूजा ये कि व्यक्ति को अपने आचरण में शुद्धता और सच्चाई लानी होगी**

पंडोखर सरकार यानी पंडित गुरुशरण शर्मा के आध्यात्मिक दर्शन में हनुमान जी की व्याख्या एक त्रिकालदर्शी और अदृश्य न्यायधीश के रूप में की गई है। उनके अनुसार हनुमानजी केवल संकटों को हरने वाले देवता नहीं हैं, बल्कि वे ब्रह्मांड की उस सूक्ष्म ऊर्जा का केंद्र हैं जो व्यक्ति के भूत, भविष्य और वर्तमान को नियंत्रित करती है। पंडोखर सरकार हनुमानजी को न्याय का विधान मानते हैं।



[3] पंडित विजय शंकर मेहता, उज्जैन

## हनुमान चालीसा स्तुति नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का संपूर्ण पाठ्यक्रम



**कब छोटा होना और कब बड़ा होना-यही सफल नेतृत्व की कुंजी**

पंडित विजय शंकर मेहता ने हनुमान जी की भक्ति को एक नया और आधुनिक दृष्टिकोण दिया है। जहां पारंपरिक रूप से हनुमान जी को केवल शक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है, वहीं पं. मेहता उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट गुरु सिद्ध करते हैं। उनके अनुसार हनुमान चालीसा केवल एक स्तुति नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का संपूर्ण पाठ्यक्रम है।



होर्मुज में फंसे हैं 20 हजार नाविक, 3 हजार जहाज

**पश्चिम एशिया में संकट गहराने के आसार :** भले ही ट्रंप 21 दिन में युद्ध खत्म होने और ईरान से सीजफायर का अनुरोध मिलने का दावा कर रहे हों

## दुनिया एनर्जी लॉकडाउन की ओर, 24 घंटे में ही टीवी पर आए तीन देशों के राष्ट्राध्यक्ष

*ये दुनिया में पहली बार हुआ कि 24 घंटे के भीतर 3 देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने टीवी पर आकर देश को संबोधित किया। गुरुवार को सुबह 6.30 बजे ट्रंप ने भी संबोधन दिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट (मध्य-पूर्व) में चल रहे भीषण युद्ध के कारण दुनिया भर में ऊर्जा संकट गहरा गया है। पिछले चौबीस घंटे में तीन राष्ट्र प्रमुखों ने अपने देश की जनता को टीवी पर आकर संबोधित किया। सभी ने गैस और तेल संकट पर चिंता जताई।


एंथनी अल्बनीज

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि वर्तमान हालात की वजह से तेल संकट गहराएगा और आने वाले महीने आसान नहीं रहने वाले हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई लोगों से अपील की कि वे घबराकर फ्यूल न खरीदें और जहां तक हो सके, कार की जगह पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। अगर आप सड़क पर निकल रहे हैं, तो जरूरत से ज्यादा फ्यूल न लें। फिलीपींस जैसे देशों ने पहले ही राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल घोषित कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा ऊर्जा आपूर्ति व्यवधान बताया है।

- ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज की चेतावनी आने वाले महीने आसान नहीं, लोग फ्यूल बचाएं
- ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए बुलाई 35 देशों की बैठक।



**इधर, भारत फिलहाल सेफ**

- भारत सरकार ने कहा देश में नहीं है गैस की कमी, दो महीने का तेल भंडार भी
- यूएई से एलपीजी गैस लेकर दो टैंकर सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए।

### ब्रिटेन ने युद्ध से हाथ खींचे, 35 देशों को कर रहा एकजुट

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बुधवार को दोहराया कि ब्रिटेन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और इसमें शामिल होना हमारे राष्ट्रीय हित में नहीं है। ब्रिटेन इस हफ्ते के अंत में लगभग 35 देशों की एक बैठक की मेजबानी करेगा। इसमें होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने पर चर्चा की जाएगी।


कीर स्टार्मर

**इधर, भारत सरकार ने कहा**

**क्रूड 100 डॉलर के पार, फिर भी देश में तेल की कीमतें स्थिर**


सुजाता शर्मा

भारत सरकार ने कहा कि है कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है, और देश ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत ने अपनी ईंधन और कृषि आपूर्ति शृंखला को पूरी तरह सुरक्षित रखा है।

सूजे हुए मुंह की तस्वीर शेयर की

## वंदे भारत एक्सप्रेस के खाने से बिगड़ी मां-बेटे की तबीयत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वंदे भारत एक्सप्रेस को उसकी रफ्तार और सुविधाओं के लिए जाना जाता है। लेकिन कई बार कैटरिंग कंपनी की गलती या पैसेंजर की कंडीशन के चलते कुछ ऐसा हो जाता है। जिसकी जिम्मेदारी भी आईआरसीटीसी और रेलवे पर आती है। इंटरनेट पर वायरल एक पोस्ट में भी महिला ने कुछ ऐसा ही दावा किया है। महिला ने शिकायत की है कि वंदे भारत का खाना, खाने से उसकी और उसके 2 साल के बेटे की तबीयत बिगड़ गई है।



- आईआरसीटीसी ने कहा- हमें शिकायत नहीं मिली

आधे प्रदेश में आंधी-बरसात व ओले का दौर चला

## भोपाल व सीहोर में चने के आकार के गिरे ओले, तेज हवा के साथ बारिश भी

**भोपाल में दो घंटे में 2 मिमी बारिश कई जगह पेड़ की शाखाएं गिरी**


विदिशा में ओले


सीहोर में तेज हवा के साथ बारिश व ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित आधे प्रदेश में बुधवार को दोपहर बाद आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरे। भोपाल में दो बजे तक धूप खिली रही, इसके बाद 3 बजे अचानक मौसम ने तेजी से करवट ली और करीब 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। शाम 5 बजे तक शहर में 2 मिमी बारिश हुई, जिससे तापमान में तेजी से कमी आई। भोपाल में चार इमली समेत कुछ इलाकों में चने के आकार के ओले भी गिरे। सीहोर में भी तेज हवा के साथ बारिश व ओले गिरे। इंदौर, देवास, सिवनी, उज्जैन, भोपाल में भी आंधी बारिश का दौर रहा। खंडवा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, अनुपपुर, रायसेन, विदिशा, रतलाम, मंदसौर, खरगोन, बड़वानी, शहडोल, शाजापुर और बालाघाट में भी दोपहर बाद बारिश दर्ज की गई।

**आज यहां ओले बारिश संभव**

गुरुवार को छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, अनुपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट में आंधी बारिश का दौर चलेगा। हरदा, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, खरगोन, बड़वानी में भी कुछ जगह आंधी-बारिश का दौर रह सकता है।




### मार्च में 2 लाख करोड़ के पार हुआ जीएसटी कलेक्शन

नई दिल्ली। मार्च 2026 में देश की जीएसटी कलेक्शन को लेकर अच्छी खबर सामने आई है।



सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नेट जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो पिछले महीने के मुकाबले 8.2% ज्यादा है। इससे साफ है कि देश में कारोबार और खपत दोनों में मजबूती बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि टैक्स कलेक्शन में यह बढ़ोतरी आर्थिक गतिविधियों के सुधरने का संकेत देती है।

सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को लगा झटका

## भोजशाला मामले में सुनवाई से इनकार पीठ ने कहा- हाईकोर्ट ही करेगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई सर्वे से संबंधित याचिकाओं पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम पक्ष अपनी सभी शिकायतों और साक्ष्यों की मांग को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का रुख करे। मामले को लेकर वकील विष्णु शंकर जैन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भोजशाला मामले के संबंध में, मौलाना कमालुद्दीन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटीशन दायर की गई थी।

**आज नजर हाईकोर्ट की कार्यवाही पर**



### सुनवाई की तारीख को लेकर उठाई आपत्ति

मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विशेष आवेदन में कहा गया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को प्रस्तावित सुनवाई से पहले 1 अप्रैल को ही उनकी आपत्तियों पर विचार किया जाए। सोसाइटी का तर्क था कि उनकी बात सुने बिना आगे की प्रक्रिया उचित नहीं होगी। सोसाइटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने बताया कि 16 मार्च की सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर न तो चर्चा हुई और न ही कोई स्पष्ट आदेश दिया गया।

2015 के भूमि विकास सहकारी बैंक में हुए भ्रष्टाचार में संलिप्तता साबित

दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट ने दोषी पाया

## कांग्रेस के विधायक भारती 'दोषी' करार तिहाड़ जेल भेजा, आज सजा का ऐलान

***बैंक के कर्मचारी ने कोर्ट में शिकायत की थी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दिल्ली में गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। भारती को साल 2015 के भूमि विकास सहकारी बैंक में हुए भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी पाया। विधायक ने अपनी मां के नाम से सहकारी बैंक में करीब 10 लाख 50 हजार की एफडी 3 साल के लिए कराई थी। उन्हें इसके बदले 13 प्रतिशत ब्याज भी मिल रहा था। हालांकि, बाद में विधायक ने इस अवधि को 3 साल से बढ़ाकर 15 साल कर दिया गया। इस पर बैंक के कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। एमपी एमएलए कोर्ट ने शिकायत को गंभीरता से लिया और इसे धोखाधड़ी का मानकर केस दर्ज करने के आदेश दिए।


राजेंद्र भारती

### भारती ने नरोत्तम मिश्रा पर लगाया था आरोप

*राजेंद्र भारती ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर इस मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने नरोत्तम और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक षडयंत्र के दबाव में झूठा प्रकरण दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता बैंक कर्मचारी नरेंद्र सिंह ने तथ्य छिपाए और वे पूर्व गृह मंत्री के इशारे पर काम कर रहे हैं। राजेंद्र ने याचिका में बताया था कि सर्कुलर के अनुसार एफडी की अवधि बढ़ाई जा सकती है। उनका कहना था कि इस केस को राजनीतिक दवाब के चलते प्रभावित करने की कोशिश हो रही है।*





हाल के वर्षों में डायबिटीज पेशेंट्स की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। इसकी अनेक वजहें हैं। ब्लड में शुगर लेवल बढ़ने से कई शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।


# डायबिटीज कंट्रोल के लिए जरूरी बैलेंस्ड डाइट-एक्सरसाइज-मेडिकेशन

**मेडिकल एडवाइस**

डॉ. विपुल गुप्ता
कंसल्टेंट फिजिशियन-डायबेटोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

मधुमेह (डायबिटीज) एक लॉन्ग पीरियड मेटाबॉलिज्म संबंधी रोग है, जिसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। यह समस्या तब होती है, जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन नहीं बना पाता या इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता।

**डायबिटीज के प्रकार:** डायबिटीज के मुख्य प्रकारों में टाइप 1, टाइप 2 और गर्भावधि मधुमेह यानी जेस्टेशनल डायबिटीज शामिल हैं। टाइप 1 डायबिटीज, एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें पैनक्रिएज ग्लैंड की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं और मरीज को जीवन भर इंसुलिन लेना पड़ता है। टाइप 2 डायबिटीज, सबसे कॉमन होता है, जो अधिकतर मोटापा, गलत फूड हैबिट और इनएक्टिव लाइफस्टाइल के कारण होता है। जेस्टेशनल डायबिटीज, महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान होता है और डिलीवरी के बाद नॉर्मल हो सकता है। लेकिन यह भविष्य में टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ा देता है। इसके अलावा डायबिटीज के कुछ अन्य प्रकार भी होते हैं, जो जेनेटिक कारणों, पैनक्रिएटिक ग्लैंड रिलेटेड डिजीज या कुछ दवाओं के कारण हो सकते हैं।



**प्रमुख लक्षण:** डायबिटीज के लक्षणों में बार-बार पेशाब आना (पॉलीयूरिया), अत्यधिक प्यास लगना (पॉलीडिप्सिया) और अधिक भूख लगना (पॉलीफेजिया) प्रमुख हैं। इनके अलावा थकान, कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, बिना कारण वजन कम होना, घावों का देर से भरना और बार-बार संक्रमण होना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। लंबे समय तक डायबिटीज रहने पर हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नता भी महसूस हो सकती है। टाइप 2 डायबिटीज में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं और जांच के दौरान ही इसका पता चलता है।

**डायग्नोसिस:** ब्लड में शुगर लेवल की जांच से डायबिटीज को डायग्नोस किया जाता है। अगर फास्टिंग ब्लड शुगर 100 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। भोजन के बाद शुगर लेवल 140 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। एचबीए 1सी 6.5% या उससे अधिक हो या रैंडम ब्लड शुगर लेवल 200 एमजी/डीएल के साथ अन्य लक्षण मौजूद हों तो डायबिटीज की पुष्टि की जाती है। अगर शुगर लेवल सामान्य से अधिक लेकिन इन मानकों से कम हो तो उसे प्रीडायबिटीज स्टेज कहा जाता है। डायबिटीज डायग्नोस होने पर जल्द से जल्द ट्रीटमेंट शुरू करना बहुत जरूरी है। इससे हार्ट, किडनी, आंखों और नसों से संबंधित जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ऐसे करें शुगर लेवल कंट्रोल:** डायबिटीज को कंट्रोल करने में डाइट का बहुत इंपॉर्टेंट रोल होता है। डायबिटिक पेशेंट्स को रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट जैसे व्हाइट ब्रेड, मिठाइयों और स्वीट ड्रिंक्स के सेवन से बचना चाहिए। फास्ट फूड, तली-भुनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए और नमक का सेवन भी सीमित मात्रा में करना चाहिए। इसके बजाय साबुत अनाज जैसे ओट्स, ब्राउन राइस, हरी सब्जियां, दालें और फाइबर युक्त फूड्स का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन के लिए दाल, पनीर, मछली आदि ले सकते हैं। हेल्दी फैट के लिए ड्राय फ्रूट्स और सीड्स का सेवन लाभदायक होता है। भोजन कम मात्रा में और कई बार करना चाहिए ताकि ब्लड शुगर का लेवल संतुलित बना रहे। बैलेंस्ड डाइट, रेग्युलर एक्सरसाइज और सही मेडिसिन के माध्यम से डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है और इसके साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

**अवेयरनेस**

विवेक शुक्ला

**स्पेशल: वर्ल्ड हेल्थ डे, 7 अप्रैल**

इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' है। इस थीम का अर्थ है कि स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में एक-दूसरे का साथ दें और विज्ञान पर आधारित उपचार पद्धतियों, शोध और अध्ययनों पर भरोसा करें। यानी परिवार में हम अपने साथ ही बड़े-बुजुर्गों और बच्चों का भी ध्यान रखें। तभी हम सभी फिजिकली-मेंटली हेल्दी रह सकेंगे।

# फिजिकल हेल्थ के साथ ही मेंटल हेल्थ का भी रखें ध्यान

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उत्तम स्वास्थ्य के अंतर्गत शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व दिया है। बावजूद इसके, इन दिनों बहुत से लोग उच्च रक्तचाप और दिल से संबंधित बीमारियां, डायबिटीज, पाचन तंत्र और मनोरोगों से ग्रस्त हैं, जिनके प्रति सचेत रहकर हम स्वयं को काफी हद तक स्वस्थ रख सकते हैं।

## हार्ट की करें प्रॉपर केयर

'दि वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन' के अनुसार दुनिया भर में विभिन्न रोगों से सर्वाधिक मौतें हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से होती हैं। हृदय रोगों का एक महत्वपूर्ण कारण उच्च रक्त चाप है। कुछ सुझावों पर अमल कर उच्च रक्तचाप और विभिन्न हृदय रोगों से बचाव किया जा सकता है।

**तनाव से बचें:** मेडिकल जर्नल 'दि लैसेंट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार तनाव दिल की सेहत का सबसे बड़ा शत्रु है। इसलिए तनाव को नियंत्रित करने के लिए जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें। निराशावादी विचारों के बजाय आशावादी बने रहें।

**नमक कम से कम:** जो लोग उच्च रक्त चाप की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए प्रतिदिन लगभग 3 से 4 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच) ग्रहण करना चाहिए। जहां तक संभव हो, खानपान की चीजों में ऊपर से नमक का छिड़काव न करना बेहतर है।

**जंक फूड्स से परहेज:** ऐसे खाद्य पदार्थ जो अत्यधिक चिकनाई युक्त हैं या जो वस्तुएं तली हुई हैं, उनसे परहेज करना बेहतर है। जंक फूड्स में अत्यधिक चिकनाई या वसा और नमक प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इनके सेवन से बचें।

**धूम्रपान-शराब से बनाएं दूरी:** हृदय, धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज) का एक कारण धूम्रपान है। धूम्रपान के कारण फेफड़ों पर ही नहीं बल्कि इनके जरिए हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण कालांतर में हृदय रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। शराब का नियमित सेवन दिल की सेहत के अलावा शरीर के अन्य अंगों लिवर और किडनी के लिए भी नुकसानदेह है। इसलिए किसी भी रूप में स्मोकिंग और एल्कोहल सेवन से परहेज करें।

**नियमित व्यायाम और योग:** एक अध्ययन के अनुसार योगासन, प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। अपनी शारीरिक क्षमता और उम्र के अनुसार आप व्यायाम का चयन कर सकते हैं। टहलना भी एक अच्छा व्यायाम है। जो लोग हाई बीपी और किसी हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेकर व्यायाम शुरू करना चाहिए।

**ब्लड प्रेशर चेक करें:** जो लोग हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें हफ्ते में दो बार अपना ब्लड प्रेशर चेक करवाना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से बीपी की दवाएं लेनी चाहिए।

**मोटापे से बचें:** अधिक वजन होना हृदय रोग के खतरे को बढ़ाता है। इसलिए वजन नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास करें, व्यायाम करें और डाइटिशियन से मिलकर अपना डाइट चार्ट बनवाएं। अगर घबराहट, जी मिचलाना, चक्कर आए या सीने में दर्द होने पर डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।



## पाचन तंत्र रखें सही

अगर आपका हाजमा दुरुस्त नहीं है तो फिर आप कितने भी पौष्टिक पदार्थ ग्रहण करें, वे शरीर में जज्ब नहीं हो पाते। इस स्थिति में कमजोरी महसूस होती है और शरीर की कार्यप्रणाली शिथिल हो जाती है। गैस और एसिडिटी ज्यादा बनना (रीफ्लक्स), दूषित खानपान से पेट में जीवाणुजनित संक्रमण, दस्त और डायरिया, फूड प्वाइजनिंग और हेपिटाइटिस आदि समस्याएं उत्पन्न होने के खतरे बढ़ जाते हैं।



**गैस-एसिडिटी से ऐसे बचें:** खाने के बाद दो घंटे तक लेटना नहीं चाहिए। ऐसा करने से गैस और एसिडिटी की समस्या से बचाव होगा। जंक फूड्स से परहेज करें। अत्यधिक चिकनाई युक्त और मिर्च मसालों से भरपूर खाने से परहेज करें। भूख से अधिक खाना न खाएं। छाछ को छोड़कर दूध और इससे निर्मित अन्य उत्पादों के कारण भी पेट में गैस बनती है। अनेक लोगों में फ्रूट जूस से भी गैस बन सकती है, क्योंकि इनमें फ्रक्टोज नामक शुगर अधिक होती हैं, जिसके कारण गैस और एसिडिटी बनने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इससे भी बचें। ये परहेज करने के बाद भी अगर राहत नहीं मिल रही है तो डॉक्टर से परामर्श लें।

**पेट में संक्रमण:** दूषित व अस्वच्छ खान-पान से पेट में संक्रमण होने के खतरे बढ़ जाते हैं। इस समस्या की रोकथाम के लिए कुछ भी खाने से पहले हाथों को सैनिटाइजर या फिर एंटीसेप्टिक साबुन से धो लें। बाहर का खाना खाने से हर संभव बचाव करें। खाना बनाने और उसके रखरखाव की प्रक्रिया स्वच्छ हो। जो खाद्य पदार्थ अच्छी तरह पके नहीं हैं, उन्हें न खाएं। बाहर के अनपके स्ट्रीट फूड्स से परहेज करें। खुले में काफी देर तक रखा खाना पेट को संक्रमित कर सकता है। इसलिए खुला और बासी खाना खाने से बचें। आपको किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है तो उसे खाने से भी पेट में संक्रमण हो सकता है। संक्रमण के कारण पेट में तकलीफ हो तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर से शीघ्र परामर्श लें।



## मानसिक स्वास्थ्य भी है जरूरी

हमारे दिमाग से ही शरीर संचालित होता है। इसलिए इसका हेल्दी होना जरूरी है। अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने की राह में मनोरोग बाधक हैं, जिनमें डिप्रेशन प्रमुख हैं।

**डिप्रेशन से उबरें:** अकसर हम किसी प्रतिकूल कारण से तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं। कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। हेल्थ एक्सपट्र्स के अनुसार डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है।

**प्रमुख लक्षण और प्रकार:** हेल्थ एक्सपट्र्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर में विभाजित किया गया है। माइल्ड और मॉडरेट डिप्रेशन में पेशेंट स्वयं को हताश और दुःखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन न लगना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देना। सेक्स की इच्छा का कम होते जाना, सोने की आदतों में बदलाव, खानपान की आदतों में बदलाव हो सकते हैं। सीवियर डिप्रेशन के पेशेंट सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देते हैं, यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है। डिप्रेशन दूर करने के लिए मनोचिकित्सक काउंसलिंग करते हैं। काउंसलिंग के दो प्रकार होते हैं। पहला कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी और दूसरी को वेंटिलेशन थेरेपी कहते हैं। वहीं डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

**मेंटल हेल्थ रहेगी सही:** अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। योगासन, प्राणायाम करें। मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखें। लोगों से मिलना-जुलना या सामाजिक संबंध बरकरार रखें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के संदर्भ में जरूरत पड़ने पर अपने फिजिशियन या फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना बेहतर रहता है। *

**(कोकिलाबेन हॉस्पिटल, इंदौर के फिजिशियन-कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित गुप्ता और मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. सुकृत सूद से बातचीत पर आधारित)**




**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब अच्छी तरह से न लगे भूख



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। पेट हमेशा भरा-भरा लगता है। कुछ भी खाने पर वॉमिट जैसी फीलिंग आती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-संजय, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हुआ है, इस वजह से आपका पेट भर-भरा रहता है। आप खाना हल्का और सुपाच्य खाएं। लंच में दही और सलाद जरूर शामिल करें। शाम को हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। कुछ दिन ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें। इस तरह बदलाव करने से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले एक-डेढ़ महीने से मेरे सिर के पिछले हिस्से में रह-रहकर टीस होती रहती है। कई बार यह दर्द बहुत बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-कौशल, बिलासपुर**

क्या आपके सिर में हाल के दिनों में कोई चोट लगी थी? कई बार चोट लगने से ऐसी समस्या शुरू हो जाती है। बेहतर होगा आप एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। हो सकता है कि वह सिटी स्कैन जैसी कुछ जांच कराएं, जिससे पता चलेगा कि सिर दर्द की मूल वजह क्या है? फिर जरूरत के अनुसार वे उसका ट्रीटमेंट करेंगे। अपने मन से कोई दवा न लें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। कुछ दिनों से यूरीन पास करने के दौरान बहुत जलन होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया कोई उपचार बताएं?**

**-किशोर, दुर्ग**

कई बार पानी कम पीने पर ऐसी समस्या देखी जाती है। इसलिए आप सबसे पहले पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं। अगर इसके बाद भी आपको इस तरह की समस्या है तो जरूर आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। वह कुछ जांच करवा कर इसका कारण पता लगाएंगे। ध्यान रहे बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।



# कांग्रेस ने राज्य की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया, अवैध घुसपैठियों को बढ़ाया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज भी किया

## प्रधानमंत्री ने असम के बिस्वनाथ जिले में जनसभा को संबोधित किया, डिब्रूगढ़ में कांग्रेस पर बोला हमला

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़ / बिस्वनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के बिस्वनाथ जिला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक सत्ता के लिए असम की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया। प्रधानमंत्री ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरी बार 'डबल इंजन सरकार' बनेगी। उन्होंने कहा कि यह भरोसा पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज किया।

उन्होंने कहा कि इससे असम की लाखों बीघा जमीन प्रभावित हुई।प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है और आजाद भारत में भ्रष्टाचार की जननी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के जंगलों, अभयारण्यों और वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाया।एक चाय बागान में मुझे चाय बागान परिवारों की संस्कृति की झलक देखने को मिली। असम की प्रगति में उनका योगदान बेमिसाल है।


जनसभा से पहले प्रधानमंत्री मोदी

- पीएम मोदी ने किया 'तीसरी बार सरकार' बनाने का दावा
- कांग्रेस को बताया देश और राज्य में विकास विरोधी
- घुसपैठ और अवैध कब्जे का मुद्दा भी उठाया




### कांग्रेस के राजकुमार हार का शतक लगाएंगे

प्रधानमंत्री ने धेमाजी जिले के गोगामुख में सुबह 11 बजे अपनी पहली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने भाजपा उम्मीदवार रनोज पेगू और नबा कुमार डोले के पक्ष में जनता से वोट मांगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि जनता के आशीर्वाद से उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की हैट्रिक पूरी की है। अब असम में भी भाजपा-एनडीए की जीत की हैट्रिक लगेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी तीसरी हार तय है। कांग्रेस के 'राजकुमार' हार का शतक लगाएंगे।

## मैं जब छोटा था तो चाय बेचता था, आपकी मेहनत गांव तक पहुंची

### डिब्रूगढ़ स्थित एक चाय बागान पहुंचे




चुनाव के बीच प्रधानमंत्री डिब्रूगढ़ स्थित एक चाय बागान पहुंचे। यहां उन्होंने काम कर रही महिलाओं के साथ बिताया और उनसे कहा कि आपकी मेहनत मेरे गांव तक पहुंची है। क्या आपको मालूम है कि मैं भी चाय वाला हूं और बचपन में मैं भी चाय बेचता था। पीएम मोदी ने जाते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

### बागान में कार्यरत महिलाएं में छाई खुशियां, सेल्फी ली

पीएम मोदी को अपने बीच पाकर बागान में कार्यरत महिलाएं काफी खुश दिखाई दीं। कुछ महिलाओं ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली। पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप लोग तो अब अच्छे फोटोग्राफर भी हैं। इस अंदाज पर महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर किया। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में आगे लिखा कि डिब्रूगढ़ के चाय बागान में महिलाओं ने एक गीत गाया, जो 'जगत जननी मां' को नमन करता है।

## प्रियंका ने भाजपा को 'डबल गुलामी' की सरकार बताया



**नाजिरा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केंद्र के साथ-साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 'एक परिवार' सब कुछ लूट रहा है। नाजिरा में आयोजित इस चुनावी रैली में उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी तीखा हमला किया। प्रियंका ने कहा कि जब वे नहीं लूटते, तो खदानें, जमीनें और अन्य संपत्तियां बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे पुराने घोटालों का जिक्र भी किया।

दिलीप घोष ने कसा तंज

## चुनाव आयोग को 'प्रेम पत्र' लिखना बंद करें सीएम ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत करने पर खड़गपुर सदर से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने कहा कि मैं ममता से कहना चाहूंगा कि वे 'प्रेम पत्र' लिखना बंद करें। चुनाव आ गए हैं, अपनी पार्टी पर ध्यान दें। आप बंगाल को तो संभाल नहीं पाईं, लेकिन अब कम से कम अपनी पार्टी को ही संभाल लें। टीएमसी का हश्र राजद और सपा से भी बुरा होगा।

ममता को सताया नए अधिकारियों का डर, बोलीं

### नामांकन भरते समय सतर्क रहें प्रत्याशी



**कोलकाता।** टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी ने बआरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशियों से नामांकन दाखिल करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली के दौरान यह बात कही।

ओवैसी-हुमायूं कबीर एक मंच पर दिखे और बोल पर मचा बवाल

### महज वोटिंग मशीन बनकर रह गए मुस्लिम



**कोलकाता।** आईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने हुमायूं कबीर के नेतृत्व वाली पार्टी एजेयूपी के उम्मीदवारों के समर्थन में वोट मांगे। ओवैसी ने कहा कि बंगाल में कमजोर वर्गों और मुसलमानों का शोषण रोकने कबीर के साथ हाथ मिलाया है।ओवैसी ने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने मुसलमानों का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया, केवल वोटिंग मशीन बनाया।

## खबर संक्षेप

### सीतारमण के खिलाफ भारती की शिकायत रद्द



**नई दिल्ली।** यहां की एक अदालत ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत खारिज कर दी है। यह शिकायत पूर्व आप विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा ने दर्ज कराई थी। अदालत ने आगे बढ़ने का कोई कारण नहीं पाया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज की।

### निजी जगह पर नमाज पढ़ी तो होगी कार्रवाई



**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया है कि व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। कोर्ट ने याचियों को निजी संपत्ति पर भीड़ जुटाकर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है।शांति व्यवस्था भंग होने पर प्रशासन कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

### गुजरात के 'आप' अध्यक्ष गढ़वी अरेस्ट: केजरीवाल



**नई दिल्ली।** गुजरात के 'आप' प्रदेश अध्यक्ष ईशुदान गढ़वी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये दावा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत अन्य आप नेताओं ने किया है। केजरीवाल ने एक्स पर ट्वीट करते हुए गुजरात सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा- हमारे राज्य अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया।

### सीनियर एडवोकेट फुल्का भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** सीनियर एडवोकेट एचएस फुल्का बुधवार को भाजपा में शामिल हुए। वे 40 सालों से सिख दंगों के पीड़ितों के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। फुल्का केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और अन्य लोगों की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।मेरा लंबा साथ है।

### ममता की पार्टी को सुप्रीम कोर्ट से लगा करारा झटका, नसीहत दी

# टीएमसी की वोटर लिस्ट वाली आपत्तियों को किया खारिज, चुनाव आयोग ही करेगा फैसला

### एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सुप्रीम कोर्ट में तृणमूल कांग्रेस की ओर से ऐतराज जताया गया था कि भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में फॉर्म 6 जमा करा रहे हैं। इसके जरिए मतदाताओं के नाम लिस्ट में जुड़वाए जा रहे हैं। इस दलील पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इसमें कुछ गलत नहीं है और ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। इस तरह ममता की पार्टी को करारा झटका लगा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने राज्य में एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसा हर बार होता है। पहली बार नहीं हो रहा है। आप आपत्तियां दायर कर सकते हैं। बेंच का कहना था कि यदि आपको किसी का नाम जोड़े जाने से आपत्ति है तो उस पर चुनाव आयोग में रिपोर्ट कर सकते हैं। टीएमसी का पक्ष रख रहे वकील कल्याण बेनर्जी ने एक मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि एक ही व्यक्ति ने 30 हजार फॉर्म 6 जमा किए हैं। फॉर्म 6 का प्रयोग वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने या फिर संसदीय क्षेत्र बदलने की स्थिति में किया जाता है।

**अब 7 को होगा फैसला**

सुनवाई में सीजेआई की बेंच ने यह टिप्पणी की

### फॉर्म 6 क्यों मंगाए जा रहे : टीएमसी का आरोप



अधिवक्ता ने कहा कि पूरक सूचियां आ चुकी हैं। इसके बाद भी चुनाव आयोग के नए नोटिफिकेशन में फॉर्म 6 स्वीकार करने की बात कही गई है। लेकिन जब वोटर लिस्ट की पूरक सूची आ गई है और प्रक्रिया बढ़ चुकी है तो फिर फॉर्म 6 क्यों मंगाए जा रहे हैं? उनके बंडल तैयार होकर आ रहे हैं। मैं किसी राजनीतिक दल पर इसके लिए आरोप नहीं लगा रहा।

### वोट नहीं दे सके, तो वोटिंग का अधिकार खत्म नहीं होगा

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर किसी व्यक्ति को मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाता है और वोट नहीं दे पाता है। सभी याद रखें इस चुनाव में वोट नहीं दे पाता है, तो इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं कि उसे हमेशा के

### अदालत ने कहा-आयोग की सूची पर ही चुनाव होंगे

बेनर्जी ने कहा कि नए नाम जिनके शामिल किए जा रहे हैं। उनके बारे में हर बूथ पर सार्वजनिक सूचना जारी होना चाहिए। ऐसा होने पर ही आपत्तियां दायर हो सकेंगी। इस पर जस्टिस बागची ने दखल दिया। उन्होंने कहा कि एक चीज मतदाता सूची में संशोधन है।

सीआईएसएफ कांस्टेबल की बहाली

### केंद्र सरकार की अपील खारिज लगा 25 हजार का जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतों में लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार खुद सरकार है। सरकार छोटे-छोटे मामलों को भी खींचकर सुप्रीम कोर्ट तक ले आती है। यह पूरा मामला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक कांस्टेबल से जुड़ा है। दरअसल, बिना बताए 11 दिन ड्यूटी से गायब रहने और सहकर्मी की बेटी की शादी में मदद करने के आरोप में उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। जब यह मामला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट पहुंचा, तो अदालत ने पाया कि बर्खास्तगी की यह सजा बहुत ज्यादा है। हाई कोर्ट ने कांस्टेबल को बहाल करने और उसे 25 फीसदी पिछला वेतन देने का आदेश सुनाया।

### हाईकोर्ट ने दी शीर्ष कोर्ट को जानकारी — 60 में से 47 लाख आपत्तियों का किया निपटारा



बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि मंगलवार तक 60 लाख में से 47 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अदालत को बताया गया कि हर दिन करीब 1.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है और 7 अप्रैल तक सभी आपत्तियों का निपटारा कर लिया जाएगा। वहीं, ममता बेनर्जी की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की दर काफी अधिक है और यह करीब 45 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए, ताकि वे मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने से जुड़े मामलों का निपटारा कर सकें। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार 100 प्रतिशत नाम शामिल करने या हटाने की मांग कर सकते हैं। सुनवाई 7 अप्रैल को हो सकती है।

### राज्यसभा में सीएपीएफ बिल पास

## विपक्ष ने की नारेबाजी और सदन से वाकआउट किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को संसद में सियासी घमासान देखने को मिला। राज्यसभा में 'केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026' को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विपक्ष ने बिल को आनन-फानन में पास करने का आरोप लगाया है। विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट भी कर दिया। अभी अलग-अलग अर्धसैनिक बलों के लिए सेवा और प्रशासन के नियम भी अलग-अलग थे। यह बिल उन सभी को हटाकर एक सिंगल सिस्टम लागू करेगा। इसका पेंच आईपीएस अफसरों की तैनाती पर है। नए कानून के तहत सीएपीएफ में आईजी रैंक के 50 फीसदी पद और एडीजी रैंक के कम से कम 67 फीसदी पद आईपीएस अधिकारियों के लिए रिजर्व रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अर्धसैनिक बलों में आईपीएस अफसरों की संख्या धीरे-धीरे कम की जाए।

### यह संघीय ढांचे को मजबूत करेगा: राय

सदन में बहस का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने साफ कहा कि यह बिल देश के संघीय ढांचे को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। इससे भर्ती प्रक्रिया बेहतर होगी और जवानों का मनोबल बढ़ेगा। विपक्ष ने मांग की कि इस बिल को संसद की प्रवर समिति के पास भेजा जाए। जब सरकार ने यह मांग नहीं मानी, तो नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में समूचा विपक्ष नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चला गया। इस पर भाजपा नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष का संसदीय मर्यादाओं और चर्चा में कोई भरोसा ही नहीं रह गया है।

महंगाई को लेकर कांग्रेस हमलावर

### जनता को लूट रहे, देश को संकट में झोंक रहे



कांग्रेस ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की रणनीतिक और आर्थिक नीतियों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को लूटने और देश को संकट में झोंकने में लगी हुई है। खरगे ने एक्स पर बताया कि केंद्र ने देश की रणनीतिक और आर्थिक नीतियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है, जिसका असर भारतीयों को भुगतना पड़ रहा है।

### अनिल अंबानी पर मामला दर्ज

## एलआईसी को 3750 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने भारतीय जीवन बीमा निगम की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, अनिल अंबानी, अधिकारियों व अन्य के खिलाफ एक और केस दर्ज किया है। पहले भी 3 मुकदमे दर्ज हैं। एलआईसी ने इनके खिलाफ 3,750 करोड़ का नुकसान का आरोप लगाया। धोखाधड़ी, गबन और भ्रष्टाचार के तहत एफआईआर दर्ज की है।



**ये लगे आरोप**

- आरकॉम और उसके मैनेजमेंट की ओर से कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और संपत्ति कवर के बारे में झूठे दावे किए गए।
- एसआईसी को 4,500 करोड़ रके नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर खरीदने के लिए धोखाधड़ी से प्रेरित किया गया।
- 'बीडीओ इंडिया एलएलपी' की ओर से 15 अक्टूबर 2020 को की गई एक फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर दर्ज कराई गई है।

### कृषि और किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त सचिव ने कहा

# देश में ईंधन व कृषि क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला भी स्थिर

### संकट के बावजूद केंद्र सरकार की रणनीतिक योजनाएं जमीन पर काम कर रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में मची उथल-पुथल के बीच भारतीय उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। मनिंदर कौर द्विवेदी ने स्थिति पर संतोष जताते हुए कहा कि हम खुद को एक आरामदायक स्थिति में पाते हैं।वैश्विक तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत ने ईंधन और कृषि आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखा है। भारत सरकार की रणनीतिक योजनाएं जमीन पर काम कर रही हैं। उत्पाद शुल्क में कटौती और महत्वपूर्ण मंत्रालयों के बीच बेहतर तालमेल से आम नागरिक को महंगाई के सीधे झटके से बचाया गया है। आगामी कृषि सीजन के लिए भी एक मजबूत और सुरक्षित आधार तैयार कर लिया गया है।


मनिंदर कौर द्विवेदी

### कृषि क्षेत्र पर प्रभाव और खरीफ सीजन की तैयारियां

कृषि और किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी ने प्रमुख कृषि संकेतकों पर स्थिति स्पष्ट की है। ईंधन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला भी स्थिर बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने आगामी खरीफ सीजन के लिए आवश्यक इनपुट सामग्री की व्यापक समीक्षा की है। सभी कृषि जिंसों की थोक कीमतों की लगातार निगरानी की जा रही है।

**सब्जियों के दाम** शीर्ष फसलों जैसे टमाटर, प्याज और आलू की कीमतें भी निर्धारित दायरे में हैं और थोक स्तर पर इनमें सुधार की प्रवृत्ति दिख रही है। बीज की उपलब्धता: राज्यों के साथ समन्वय के माध्यम से यह पुष्टि की गई है कि खरीफ सीजन के लिए बीजों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। बीज का पर्याप्त स्टॉक है।

### अंतर-मंत्रालयी समन्वय से बाधाएं दूर हो रहीं

इस व्यापक आपूर्ति प्रबंधन में मंत्रालयों के बीच का समन्वय अहम साबित हो रहा है। कृषि मंत्रालय के अनुसार पिछले महीने हाईब्रिड मक्का के बीजों को सुखाने के लिए एलपीजी की आवश्यकता एक छोटी बाधा के रूप में सामने आई थी। हालांकि, पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ त्वरित समन्वय कर एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध कराई गई।

# अय्यर ने भुगता स्लो ओवर रेट का खमियाजा, आईपीएल ने पंजाब किंग्स पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब किंग्स ने 31 मार्च को मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। हालांकि, जीत के बाद पंजाब किंग्स को तगड़ा झटका लगा।

इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया। आईपीएल ने स्लो ओवर रेट के चलते आचार संहिता के तहत श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ओवर-रेट को लेकर आईपीएल 2026 में यह उनकी टीम का पहला उल्लंघन था।

### अनुच्छेद 2.22 के तहत लगाया गया जुर्माना

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखा। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत इस सीजन में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स का पहला अपराध (न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित) है, इसलिए उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### अंकतालिका में राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर

आईपीएल 2026 में चौथे मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है। गुजरात टाइटंस को हराने के बाद भी पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स आखिरी पायदान पर है। टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन शीर्ष पर हैं। टॉप-5 गेंदबाजों में जैकब डफी पहले नंबर पर हैं।

### अय्यर की कलाई पर लगी चोट, कहा-कोई अपशगुन नहीं करना चाहता



आईपीएल में 31 मार्च की रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की कलाई पर उनके ही साथी बल्लेबाज कूपर कोनोली का शॉट सीधे जाकर लगा। जब फिजियो उनकी जांच कर रहे थे, तब वह काफी दर्द में दिखाई दे रहे थे। इसके बाद ठीक अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी कलाई वैसी ही है जैसी पहले थी और वह किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहते थे। चोट के बारे में पूछे जाने पर श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि यह ठीक है। यह वैसी ही है जैसी पहले थी। मैं किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहता। मैं बस सकारात्मक रहना चाहता हूं और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।

### कूपर का खेल अविश्वसनीय

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कूपर कोनोली के प्रदर्शन पर कहा, 'उसने जो शॉट्स खेले, उनमें से कुछ को देखना किसी सपने जैसा था। यह अविश्वसनीय था। आईपीएल के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक राशिद खान की गेंद पर बैकफुट पर जाकर इतनी सफाई और खूबसूरती से छक्का मारना, यह सचमुच जबरदस्त था।

### मैं कलाई पर बर्फ लगा रहा था : श्रेयस

श्रेयस अय्यर ने 18 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने कहा कि जब पंजाब किंग्स के अचानक तीन विकेट (निहाल वढेरा, शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस) गिर गए उस दौरान वह अंदर अपने हाथ पर बर्फ लगा रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, सच कहूं तो मेरा ध्यान अंदर अपने हाथ पर था, मैं उस पर बर्फ लगा रहा था और तभी अचानक हमने एक के बाद एक दो विकेट गंवा दिए। आईपीएल में ऐसी चीजें होती रहती हैं। श्रेयस अय्यर ने कहा, ...और ऐसी स्थितियों में आपको शांत और संयमित रहना होता है, इसलिए संदेश बहुत सीधा-सा था। बस खेल को आखिर तक ले जाओ और कूपर वहां मौजूद था। वह पूरी तरह से जम चुका था। एक खिलाड़ी के तौर पर उसकी समझ बहुत अच्छी है। मैंने उसे पहले भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते देखा है। उसकी सोच बहुत बढ़िया है। उम्मीद है कि वह इसी फॉर्म को जारी रखेगा।

## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में मेस्सी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

### लेवांडोवस्की ने दिए संन्यास के संकेत



**स्टाकहोम।** पोलैंड के विश्व कप में जगह नहीं बना पाने के बाद उसके स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दिए। स्वीडन ने प्लेआफ फाइनल में पोलैंड को 3-2 से हराया। इसके बाद लेवांडोवस्की ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की, जिसमें उनके हाथ में कप्तान का आर्मबैंड है और पीछे 'टाइम टू से गुडबाय' गाना बज रहा है। बार्सीलोना के इस स्ट्राइकर ने सीधे संन्यास को लेकर कुछ नहीं कहा कि पहले भी वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दे चुके हैं। पिछले साल टीम के तत्कालीन कोच से मतभेदों के बाद भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ने की धमकी दी थी, जिसके बाद कोच ने इस्तीफा दे दिया था। पोलैंड के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले लेवांडोवस्की 165 मैचों में 89 गोल कर चुके हैं।

### एशियाई मुक्केबाजी : क्वार्टर फाइनल में विश्वनाथ, सचिन



**उलानबटोर।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा। वहीं विश्वनाथ ने किर्गीस्तान के बेकजात एरजेशोव को 5-0 से मात दी। अब वह मौजूदा विश्व चैंपियन कजाखस्तान के संजार ताशकेन्बे से खेलेंगे।

## सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

# आईपीएल में बड़ा मुकाबला आज, जीत की तलाश में सनराइजर्स और केकेआर

### अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी सनराइजर्स हैदराबाद और केकेआर

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के गुरुवार को होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है।

मैच : शाम 7.30 बजे से





**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उप-कप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्से, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

### ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपए में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई, जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था, जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा।

### पॉवेल हो सकते हैं अंतिम एकादश में शामिल

ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के कारण केकेआर उनकी जगह पर वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल को अंतिम एकादश में शामिल करने के बारे में सोच सकता है। पॉवेल ने टी20 विश्व कप में 147.52 के स्ट्राइक रेट से 149 रन बनाए। उन्होंने भारत के खिलाफ इसी मैदान पर सुपर आठ के मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए थे। केकेआर इस मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार करने के बारे में सोच रहा है लेकिन तब भी 200 का स्कोर औसत माना जाएगा।

### सनराइजर्स का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर

सनराइजर्स भी इसी तरह की स्थिति में हैं, क्योंकि उसने अपने अभियान की शुरुआत मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ की थी। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और ट्रैविस हेड जैसे धाकड़ बल्लेबाज शामिल हैं। लेकिन नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है। उसके गेंदबाज आरसीबी के खिलाफ 201 रन का बचाव नहीं कर पाए थे। कमिंस ने नेट में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है और वह कुछ सप्ताह बाद टीम से जुड़ सकते हैं।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग

# ईशान दे रहे अभिषेक को कड़ी टक्कर एस्टरहुइजेन ने लगाई जबर्दस्त छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौंवे स्थान पर हैं। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं।

### गेंदबाजों में राशिद खान शीर्ष पर

गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### बटलर को फायदा, टिम सिफर्ट गए नीचे

टॉप 10 में केवल एक ही बदलाव है। इंग्लैंड के जॉस बटलर एक स्थान के उछाल के साथ अब आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट एक स्थान नीचे आए हैं, वे अब नौवें नंबर पर चले गए हैं। दरअसल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच जो सीरीज हुई थी, उसमें टिम सिफर्ट नहीं खेल रहे थे, इसलिए उनकी रेटिंग कम हो गई है। यानी जॉस बटलर को बिना खेल ही थोड़ा सा फायदा मिल गया है।

### एस्टरहुइजन को जबरदस्त फायदा

कॉनर एस्टरहुइजन ने एक साथ 64 स्थानों की छलांग मारी है। साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन टी20 मैचों की सीरीज में अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया था। सीरीज के पहले मैच में तो वे 15 ही रन बना सके। इसके बाद दूसरे मुकाबले में उनके बल्ले से 57 रनों की पारी आई। तीसरे और आखिरी मैच में उन्होंने 75 रन बना दिए थे। इसका फायदा उन्हें मिला है। सीरीज से पहले वे टॉप 100 से भी बाहर थे, लेकिन अचानक टॉप 40 में पहुंच गए हैं।

## विमेंस वनडे

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, सबसे बड़ा रनचेज, टीम इंडिया का रिकॉर्ड ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| बेसिन रिजर्व

धमाकेदार फॉर्म में चल रही कप्तान अमेलिया केर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहाड़ जैसे लक्ष्य को हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला। न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व में खेले गए दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दिए 347 रन के बड़े लक्ष्य को दो विकेट से हासिल कर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह महिला वनडे इतिहास में हासिल किया गया अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले साल भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में 339 रन को हासिल करते हुए ये रिकॉर्ड बनाया था। इस मैच में कुल 696 रन बने। पहले साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए और फिर न्यूजीलैंड ने 350 रन बना डाले।



### केर ने खेली नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी

केर ने सिर्फ 139 गेंद में नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी खेली। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के 346/6 के विशाल स्कोर को दो गेंद बाकी रहते पार कर लिया। सुजी बेट्स के जल्दी आउट होने के बाद केर क्रीज पर आईं और पूरी पारी के दौरान रन रेट को नियंत्रण में रखा। इस दौरान उन्हें जॉर्जिया प्लिमर (23) के साथ 52 रन की साझेदारी और बाद में इसाबेला गेज (68) का साथ मिला। गेज और केर ने मिलकर 120 रन की अहम साझेदारी की, जिसने मिडिल ओवर्स में टीम को संभाला। गेज ने 48 गेंद में 68 रन की तेज पारी खेली। इससे दबाव दक्षिण अफ्रीका पर आ गया। न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवरों में लगातार विकेट गंवाए, लेकिन केर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को संभालते हुए टीम को जीत की ओर ले गईं। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे। केर ने नादिन डी क्लार्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर मैच खत्म किया और दो गेंद शेष रहते ऐतिहासिक जीत दिलाई।

# टीम इंडिया जुलाई में करेगी जिम्बाब्वे का दौरा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन भारत इस साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि भारतीय पुरुष टीम 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे की टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। यह भारत और जिम्बाब्वे के बीच 2026-27 सत्र के लिए निर्धारित की गई दो द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में से पहली श्रृंखला होगी। जिम्बाब्वे अगले साल के शुरू में तीन वनडे मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा। यह मैच तीन, छह और नौ जनवरी को क्रमशः कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले महीने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता था। इससे पहले भारत 2024 और 2007 में भी टी20 विश्व कप जीत चुका है। भारत ने आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां उसने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 4-1 से जीती थी।

# 40 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप में इराक ने रोमांचक मैच में बोलीविया को हराया

एजेंसी ▶▶| मोंटेरे



इराक ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालिफिकेशन का 40 साल पुराना इंतजार खत्म कर दिया है। इराक ने बुधवार को मोंटेरे स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर के आखिरी मैच में बोलीविया के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की।

बोलीविया के खिलाफ इराक ने मुकाबले के 10वें मिनट में ही 1-0 से बढ़त बना ली थी। ल्यूटन टाउन के स्ट्राइकर आमिर अल अम्मारी ने एक कॉर्नर से अल हमादी को गेंद दी, जिन्होंने अपने हेडर से गोलकीपर को छकाते हुए गोल कर दिया। हालांकि, बोलीविया ने दबाव के आगे घुटने नहीं टेके और 38वें मिनट में जोरदार वापसी की। रामिरो वाका के डिफेंस को चीरते हुए पास के बाद मोइसेस पनियागुआ ने 12 गज की दूरी से एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इराक के हुसैन ने 53वें मिनट में अपनी टीम की बढ़त फिर से कायम कर दी, उन्होंने अपनी दौड़ का समय एकदम सही रखा और मार्को फरजी के क्रॉस को आठ गज की दूरी से एक लो फर्स्ट-टाइम वॉली के साथ गोल में बदल दिया। बोलीविया ने मैच के तनावपूर्ण अंत में देर से गोल करने के लिए जोर लगाया, लेकिन इराक ने मजबूती से बचाव किया और वर्ल्ड कप में स्थान बना लिया।

## विश्व कप फुटबॉल : बोस्निया से पेनल्टी शूटआउट में हारा इटली

# इटली लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूका

एजेंसी ▶▶| जेनिका

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। इटली की शुरुआत अच्छी रही थी।

उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी, जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।



### 2014 के बाद विश्व कप में पहुंचा बोस्निया

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा,'हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।' इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा।




## हाईकोर्ट का जबलपुर आरटीए को निर्देश

# सुनिश्चित करें कि बसों में बाईं ओर दो दरवाजे और एक अतिरिक्त आपातकालीन द्वार हो

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण जबलपुर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि सभी स्टेज कैरिज और पर्यटक बसें मोटर वाहन नियम मध्य प्रदेश के नियम 164 का अनुपालन करें। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन नहीं किए जाने पर कहा कि य बहुत ही खेदजनक स्थिति है कि कई वातानुकूलित बसों, और यहां तक कि गैर-वातानुकूलित लक्जरी बसों और स्लीपर बसों में बाईं ओर दो दरवाजे और एक अतिरिक्त आपातकालीन द्वार नहीं है। लक्जरी बसों से जुड़ी आग दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में जान-माल की हानि हो रही है। तकरीबन किसी भी वाहन पर बाईं ओर दो द्वार सुनिश्चित नहीं किए गए हैं, और परमिट अंधाधुंध जारी किए जा रहे हैं।कोर्ट ने कहा कि वाणिज्यिक विचार यात्री सुरक्षा से आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आरटीए को यह जांच करने का निर्देश दिया कि क्या किसी भी स्टेज कैरिज और पर्यटक बसों द्वारा नियम 164 का उल्लंघन किया जा रहा है। यदि कोई बसें उल्लंघन करती पाई गईं, तो उनका संचालन 45 दिनों के भीतर बंद कर दिया जाए। कोर्ट ने परिवहन विभाग के मुख्य/अतिरिक्त सचिव को इस संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी शपथपत्र में पेश करने को कहा गया। अगली सुनवाई 27 अप्रैल तय की गई।



मंडला के बस ऑपरेटर राम मिलन राय की ओर से दायर याचिका में राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण (एसटीएटी) के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में एक प्रतिद्वंद्वी ऑपरेटर (प्रतिवादी नंबर 2) द्वारा दायर संशोधन की अनुमति दी थी और याचिकाकर्ता के परमिट को रद्द कर दिया था। तर्क दिया गया नंबर 2 प्रतिद्वंद्वी रूट ऑपरेटर नहीं था और उसके पास परमिट देने पर आपत्ति करने का कोई अधिकार नहीं था। सुनवाई में कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता की बस में कुल मिलाकर केवल 36 सीटें थीं, जो निर्धारित आवश्यकता से कम थीं। कोर्ट ने कहा कि नियम 164 के तहत प्रत्येक गाड़ी में बाईं ओर कम से कम दो दरवाजे होने चाहिए, एक प्रवेश के लिए और एक निकास के लिए, और दाईं या पिछली तरफ एक आपातकालीन दरवाजा होना चाहिए। जबकि वर्तमान मामले में, बस में केवल एक प्रवेश द्वार और एक आपातकालीन द्वार था। कोर्ट ने कहा कि अधिकार क्षेत्र का प्रश्न निर्णायक नहीं है क्योंकि वैधानिक गैर-अनुपालन पर परमिट रद्द करना उचित है। याचिकाकर्ता का वाहन म.प्र. के नियम 77 (1-ए) के तहत आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहा। बेंच ने कहा कि दो दरवाजे होने से व्यावहारिक चिंताएं पैदा होती हैं, लेकिन यह भी माना कि दुर्घटनाओं और आग की घटनाओं के मामले में दरवाजे आवश्यक हैं। आगे कहा कि यह ऐसी स्थिति हो सकती है कि एक कंडक्टर दिए जाने पर, दो दरवाजों को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है, या इसके परिणामस्वरूप दो सीटों का नुकसान हो सकता है। जो भी हो, यह बस मालिक को निर्णय लेना है कि दरवाजे किस तरह से लगाए जाएं।

## अदालत ने 10 हजार का जुर्माना भी लगाया

# भूखंड विक्रय के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपी को ढ़ाई वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा तोमर की अदालत ने भूखंड विक्रय के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी जबलपुर निवासी अब्दुला खान का दोष सिद्ध पाया। कोर्ट ने उसे ढ़ाई वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

अभियोजन की ओर से एडीपीओ मनीष समाधिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अधारताल निवासी फरियादी देवदास बेन से आरोपी अब्दुला खान ने अपने नौदराब्रिज स्थित सेंट्रल प्लाजा के आफिस में रानी दुर्गावती समाधि बरगी रोड के 1000 वर्गफीट के प्लाट में निर्माण कर सात लाख रुपये में देने का सौदा तय किया था। इसके लिए बकाया बुकिंग राशि दी और एग्रीमेंट के दौरान पचास हजार रुपये दिए। इसके बाद हर माह छह हजार रुपये की किश्त जमा करता रहा। जब उसने करीब एक लाख छह हजार रुपये जमा कर दिए और उसके बाद की किश्त देने गया तो पता चला कि अब्दुला खान आफिस छोड़कर भाग गया है। जिसकी शिकायत ओमती थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जांच दौरान पाया कि आरोपी ने अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी करते हुए करीब 57 लाख 11 हजार 529 रूपये का गबन किया है।

## कैशलेस टोल हुए टोल नाका

# डिजिटल सुविधा के साथ बढ़ा टैक्स, सालाना पास भी महंगा

### UPI से भुगतान अनिवार्य, 5–10% तक टोल वृद्धि, आमजन और ट्रांसपोर्टर दोनों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

**हरिभूमि, जबलपुर।**

टोल नाकों पर आज से कैशलेस व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब वाहन चालकों को नकद भुगतान की सुविधा नहीं मिलेगी और उन्हें UPI सहित डिजिटल माध्यमों से ही टोल टैक्स चुकाना होगा। लेकिन इस नई व्यवस्था के साथ ही आमजन को महंगाई का झटका भी लगा है, क्योंकि टोल दरों और सालाना पास की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है।

नई दरों के अनुसार कार और हल्के वाहनों के टोल शुल्क में करीब 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। वहीं, सालाना पास जो पहले 3000 में बनता था, अब वह भी महँगा हो गया है । भारी वाहनों के टोल में भी इजाफा हुआ है, जिससे परिवहन लागत बढ़ने की आशंका है।

हरिभूमि की टीम ने मौके पर पहुंचकर टोल नाके का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टोल प्लाजा पर QR कोड के जरिए UPI भुगतान कराया जा रहा है और बड़ी संख्या में वाहन चालक डिजिटल पेमेंट का उपयोग कर रहे हैं।



हालांकि, कई स्थानों पर नेटवर्क की समस्या के कारण भुगतान में देरी और वाहनों की कतारें भी देखने को मिलीं।

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने इस व्यवस्था पर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि डिजिटल सुविधा से भुगतान आसान जरूर हुआ है, लेकिन बार-बार टोल दरों में बढ़ोतरी आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही है।

प्रशासन का दावा है कि कैशलेस सिस्टम से पारदर्शिता बढ़ेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी। बावजूद इसके, बढ़ी हुई दरों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है और अब यह देखना होगा कि डिजिटल सुविधा के साथ बढ़ा आर्थिक बोझ जनता कितनी सहजता से स्वीकार करती है।

## सरचार्ज में 90% तक छूट का आखिरी मौका, 27 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

# बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, समाधान योजना 15 मई तक बढ़ी

**हरिभूमि, जबलपुर /भोपाल।**

प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए विद्युत समाधान योजना 2025-26 की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी है। पहले यह योजना 31 मार्च को समाप्त हो रही थी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह योजना बकायादार उपभोक्ताओं के लिए अंतिम अवसर है, जिसमें सरचार्ज पर भारी छूट दी जा रही है।

मंत्री ने बताया कि 3 नवंबर से शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक 27 लाख 47 हजार उपभोक्ताओं ने लाभ लिया है। इस दौरान 1336.46 करोड़ रुपए जमा हुए, जबकि 450.31 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

योजना उन उपभोक्ताओं के लिए राहत बनकर आई है, जो सरचार्ज के कारण मूल बिल जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें 50% से 90% तक सरचार्ज में छूट के साथ एकमुश्त या किस्तों में भुगतान का विकल्प मिल रहा है। तीन माह से अधिक बकायादार उपभोक्ता यदि एकमुश्त भुगतान करते हैं तो उन्हें 90% तक सरचार्ज माफी का लाभ मिलेगा।



### फैक्ट फ़ाइल

**योजना बढ़ी** : 15 मई 2026 तक
**लाभार्थी** : 27.47 लाख उपभोक्ता
**कुल वसूली** : 1336.46 करोड़
**सरचार्ज माफ**: 450.31 करोड़
**छूट** : 50% से 90% तक

**तीनों कंपनियों का हाल**

**पूर्व क्षेत्र**: 10.17 लाख उपभोक्ता, 300.86 करोड़ जमा
**मध्य क्षेत्र**: 8.37 लाख उपभोक्ता, 767.28 करोड़ जमा
**पश्चिम क्षेत्र**: 8.92 लाख उपभोक्ता, 268.32 करोड़ जमा

**क्या है खास**

3 माह से अधिक बकाया पर ज्यादा राहत
एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट
किस्तों में भुगतान की सुविधा

### मंत्री की अपील

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि यह सरचार्ज माफी का अंतिम मौका है। उपभोक्ता 15 मई से पहले योजना में शामिल होकर राहत का लाभ जरूर लें।

## कोर्ट की सुरक्षा पर सवाल, वकीलों में आक्रोश

# जिला कोर्ट गेट के पास वकील पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** शहर के जिला कोर्ट परिसर के गेट नंबर 4 पर एक अधिवक्ता पर दिनदहाड़े चाकू से हमला किए जाने की घटना ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हमले में अधिवक्ता रामनाथ रजक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि आरोपी ने वकील को पत्नी का केस लड़ने से मना किया था। आरोपी की पत्नी ने परिवार न्यायालय में उसके खिलाफ केस लगाया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोर्ट के मुख्य प्रवेश गेट के पास हुई, जहां आमतौर पर वकील, पक्षकार और पुलिसकर्मियों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे संवेदनशील स्थान पर चाकू से 10 से 12 वार किए जाना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि कोर्ट गेट पर ही इस तरह की वारदात हो सकती है, तो परिसर के अंदर सुरक्षा का क्या भरोसा? वकीलों ने मांग की है कि कोर्ट परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए, प्रवेश पर सख्त चेकिंग हो और पुलिस बल की स्थायी तैनाती की जाए।

### क्या है पूरा मामला

घायल अधिवक्ता रामनाथ रजक के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 4 बजे उनके क्लाइंट कंचन महोबिया के पति राकेश महोबिया कोर्ट आए थे। उन्होंने केस वापस लेने की धमकी दी और विवाद कर वहां से चले गए। रामनाथ रजक ने बताया कि जब वे जिला कोर्ट से लौट रहे थे, तभी गेट नंबर 4 पर राकेश महोबिया ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने उन्हें गाड़ी से खींचकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान उसका एक साथी भी मौजूद था। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। हमले में अधिवक्ता को गर्दन, हाथ, कान सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

### वकीलों पर बढ़ते हमले

घटना के बाद जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों में भारी आक्रोश है। कई अधिवक्ताओं ने इसे न्याय व्यवस्था पर हमला बताया है। वकीलों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी, कड़ी कार्रवाई और कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय में वकीलों पर हमलों की घटनाएं बढ़ती नजर आ रही हैं। कभी केस वापस लेने का दबाव, तो कभी आपसी रंजिश—इन कारणों से अधिवक्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या न्याय की लड़ाई लड़ने वाले स्वयं असुरक्षित हैं? कानूनी पेशे से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर अधिवक्ता ही असुरक्षित रहेंगे तो आम नागरिकों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होगा।

## अर्थी छोड़ यहां - वहां भागे लोग, 2 दर्जन घायल

# अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों का हमला

**जबलपुर।** जबलपुर जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर गोसलपुर थाना अंतर्गत ताला देवरी गांव में एक अंतिम संस्कार के दौरान अचानक मधुमिक्खयों ने हमला कर दिया जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। बताया जाता है कि ताला देवरी गांव के श्मशान घाट पर जब ग्रामीण एक व्यक्ति की अंतिम विदाई की रस्मों में जुटे थे, तभी मधुमक्खियों के एक बड़े झुंड ने अचानक हमला बोल दिया। इस घटना से वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए लोग अपनी जान बचाकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे, जिससे अंतिम क्रिया का कार्य बीच में ही रुक गया। मधुमक्खियों के इस हमले में करीब 24 लोग घायल हुए हैं। लगभग 30 मिनट के पश्चात जब मधुमक्खियां वहां से हटीं, तब ग्रामीण धीरे-धीरे वापस लौटे और तब कहीं स्थिति सामान्य होने पर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, प्रभावित लोग उपचार के लिए पनागर, गोसलपुर और सिहोरा के अस्पतालों में पहुंचे हैं।




## 70 फीट गहरी खाई में गिरा हाइवा

# बड़ा हादसा : चालक–परिचालक गंभीर

**जबलपुर।** मंडला से जबलपुर की ओर आ रहा एक हाइवा बुधवार सुबह ग्राम सहजनी के पास अनियंत्रित होकर करीब 70 फीट गहरी खाई में जा गिरा। पहाड़ी से टकराते हुए नीचे गिरने के कारण हाइवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा इतना जोरदार था कि आसपास के लोगों में चीख-पुकार मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्देवबाग निवासी रंजीत यादव हाइवा चला रहे थे और उनके साथ परिचालक अंकित यादव मौजूद थे। दोनों सुबह मंडला से जबलपुर के लिए रवाना हुए थे। जब वाहन ग्राम सहजनी से आगे बढ़ रहा था, तभी सामने से आ रहे एक भारी वाहन को साइड देने के दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया। सड़क संकरी होने और मोड़ होने के कारण हाइवा अचानक अनियंत्रित हो गया और सीधे गहरी खाई में जा गिरा।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाइवा पहले पहाड़ी से टकराया और फिर कई फीट नीचे लुढ़कता हुआ खाई में जा अटका। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ लोगों ने साहस दिखाते हुए खाई में उतरकर केबिन में फंसे चालक और परिचालक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। गिरने के कारण दोनों के शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं। एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें नजदीकी शासकीय अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भर्ती कर लिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

हादसे के कारण मंडला-जबलपुर मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा और जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने यातायात को नियंत्रित किया और क्रेन मंगवाकर खाई में गिरे हाइवा को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू कराई। वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# महिला के खाते से धोखाधड़ी कर साढ़े 5 लाख रुपए निकाल लिए

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत कंचन परिसर नेपियर टाउन निवासी एक महिला के खाते से धोखाधड़ी कर अज्ञात जालसाज ने 5 लाख 50 हजार रुपए निकाल लिए है। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचन परिसर नेपियर टाउन निवासी 59 वर्षीय श्रीमति संध्या खंडेलवाल गत सुबह अपने घर पर थी तभी लगभग 2.30 बजे उसके मोबाइल पर उसके यूनियन बैंक इंडिया नेपियर टाउन खाते से 3 लाख रूपये कटने का मैसेज दिखा, बैंक जाकर पता करने पर बैंक स्टाफ द्वारा खाता चैक करने पर 17 नवंबर 2025 के 11 बजे के बाद से 12.15 बजे के बीच कुल पांच ट्रांजेक्शन से कुल 5 लाख 50 हजार रूपये उसके खाते से अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी से निकाल लिए है। पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240

हाईकोर्ट ने अब्दुल रज्जाक के मामले में कहा

# केस की पूरी तैयारी के साथ आएं एसपी व सीएसपी

हरिभूमि जबलपुर।

अब्दुल रज्जाक की गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के संबंध में हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारियों से कई सवाल किए हैं। मामले पर बुधवार को सुनवाई के दौरान एसपी व सीएसपी हाजिर हुए। पुलिस के जवाब संतोषजनक नहीं पाते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस आरसीएस बिसेन की डिवीजन बेंच ने दोनों अधिकारियों को गुरुवार को भी हाजिर होने के निर्देश दिए। कोर्ट ने अधिकारियों को कहा कि वे केस की पूरी तैयारी के साथ आएं, ताकि मामले का निराकरण किया जा सके।

दरअसल, कोर्ट ने सवाल किया कि आवेदक के खिलाफ कई ऐसी एफआईआर दर्ज की गई हैं, जोकि उसकी गिरफ्तारी के बाद की हैं। इनमें से कुछ वो मामले हैं, जोकि दर्ज होने के 3, 5, 7 या 11 वर्ष पहले घटित हुए हैं। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या जांच के बाद ये मामले दर्ज किए हैं। यदि जांच की गई है तो उसके दस्तावेज पेश करें। अब्दुल रज्जाक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली ने दलील दी कि रज्जाक के खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है।



हाईकोर्ट ने दिए नए सिरे से चयन प्रक्रिया के लिए दोबारा विज्ञापन जारी करने के निर्देश

## होमगार्ड में प्लाटून कमांडर की चयन प्रक्रिया निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने होमगार्ड में प्लाटून कमांडर की चयन प्रक्रिया को दूषित पाते हुए उसे निरस्त कर दिया। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने नए सिरे से चयन प्रक्रिया के लिए दोबारा विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिए। आरोप था कि लिखित व शारीरिक परीक्षा के पहले ही नियमविरुद्ध तरीके से स्क्रीनिंग कमेटी ने अभ्यर्थियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। जबलपुर निवासी सविनय कुमार गर्ग की ओर से अधिवक्ता विकास महावर ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मप्र नगर सेना वर्ग-3 भर्ती नियम 2000 के तहत प्लाटून कमांडर के कुल 199 स्वीकृत पद हैं। इनमें से 6 प्रतिशत पद इन-सर्विस उम्मीदवारों से भरे जाते हैं। होमगार्ड डीजी ने 27 जनवरी 2026 को 4 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस पद के लिए कुल 24 लोगों ने आवेदन किया था। नियमानुसार शारीरिक व लिखित परीक्षा के बाद स्क्रीनिंग कमेटी उम्मीदवारों का एसीआर देखने के बाद चयन सूची जारी करती है। दलील दी गई कि नियमविरुद्ध तरीके से परीक्षा के पहले ही स्क्रीनिंग कमेटी ने याचिकाकर्ता सहित 6 उम्मीदवारों को अपात्र बताकर परीक्षा से वंचित कर दिया। कोर्ट को बताया गया कि भोपाल में 16 मार्च शारीरिक परीक्षण और 17 को लिखित परीक्षा आयोजित थी, लेकिन विभाग ने 13 मार्च को ही 18 पात्र उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी। दलील दी गई कि पूरी प्रक्रिया विधि सम्मत नहीं है।




## जबलपुर में तृतीय पुस्तक मेला 2026 का आठवां दिनः शिक्षा और संस्कृति का संगम

**जबलपुर।** गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित 'पुस्तक मेला 2026' के आठवें दिन जिला प्रभारी श्री राजेश बरसैया ने विधिवत मेले का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। मेला में 81 स्टॉल्स पर किताबें, यूनिफॉर्म और स्कूल बैग किफायती दामों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बुक बैंक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को पुराने पाठ्यक्रम की पुस्तकें भी मिल रही हैं। जिला प्रभारी ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी और उन्हें नियमित पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने स्टेशनरी और पाठ्य-पुस्तकों की खरीदारी की। सायंकालीन सत्र में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और एकल योग स्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी, उप संचालक श्री पृथ्वी पाल सिंह, डीपीसी योगेश शर्मा, DSO मधुमिता हाजरा, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, अलोक शर्मा, अजय रजक, के के चौबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मेला 5 अप्रैल तक जारी रहेगा, और नागरिकों से अपील की गई है कि वे 'बुक बैंक' में सीबीएसई और इंग्लिश मीडियम की पुस्तकें दान कर विद्यार्थियों की मदद करें।

# चमत्कारिक हनुमत सिद्ध पीठः श्री रामलला मंदिर जबलपुर में हनुमान जयंती पर भव्य आयोजन




**जबलपुर।** 2 अप्रैल को चमत्कारिक हनुमत सिद्ध पीठ, श्री रामलला मंदिर में वीर हनुमान का जन्मोत्सव भक्त हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर आचार्य शिवकुमार के मार्गदर्शन में यह आयोजन भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हो रहा है। श्री रामलला मंदिर ग्वारीघाट स्थित यह सिद्ध पीठ विश्वभर से श्रद्धालुओं एवं याचकों को आकर्षित करता है। यहाँ स्थापित हनुमान जी की सिद्ध प्रतिमा में भक्तजनों को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति होती है। भक्तों का कहना है कि यहाँ आने से सांसारिक मनोकामनाओं की पूर्ति होती है और पराभौतिक ऊर्जा का अनुभव भी होता है। मंदिर की स्थापना त्रिकालदृष्टा संत स्वामी रामनिरंजनाचार्य महाराज ने चित्रकूट धाम से प्राप्त निर्देशानुसार की थी। यह विश्व में दो जाग्रत हनुमान मंदिरों में से एक है, जहाँ सशरीर हनुमान जी का अनुभव प्राप्त होता है। हनुमान जयंती के दिन विशेष कार्यक्रमों में जन्म पूजन, श्रृंगार, संगीतमय महाआरती, सुंदरकांड पाठ, ध्वजा अर्पण, कन्यापूजन और मधुर भजन प्रस्तुतियाँ शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय कलाकार और भजन गायक, स्थानीय पुजारी एवं हजारों भक्त इस अवसर पर भाग लेते हैं। मंदिर में द्वापर युग की दुर्लभ अष्टधातु सिद्ध बाल हनुमान प्रतिमा विशेष रूप से एक दिन के लिए गर्भगृह से प्रदर्शित की जाती है। इस दिन लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं, भंडारे और यज्ञ की व्यवस्था की जाती है, और नारियल अर्पित किए जाते हैं। यह परंपरा श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक आनंद और शांति प्रदान करती है। श्री रामलला मंदिर सभी धर्मों के श्रद्धालुओं के लिए खुला है और महिलाओं को भी प्रतिमा के पूजन और स्पर्श का अवसर मिलता है। भक्तजन वर्ष भर इस महापर्व की प्रतीक्षा करते हैं।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल
- किसानों के लिए प्रौद्योगिकी, कौशल और बाजार संबंधी जानकारी पर होगा विचार-विमर्श

# जनेकृविवि में 8 अप्रैल को होगा कृषि मंथन कार्यक्रम

हरिभूमि, जबलपुर।

किसानों के कल्याण के उद्देश्य से राज्य स्तर पर आयोजित होने वाला ₹कृषि मंथन₹ कार्यक्रम 8 अप्रैल को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम कृषि प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और बाजार संबंधी जानकारी के एकत्रीकरण पर आधारित होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनेकृविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा करेंगे, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना तथा केबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह और कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें सुरक्षा व्यवस्थाओं और कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर और कुलपति ने विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की।



### कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य और सत्र

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषि रोडमैप तैयार करना है, ताकि किसानों को प्रौद्योगिकी, कौशल और बाजार से जुड़ी सभी जानकारी सरल तरीके से उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में कुल 4 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ किसानों को नई तकनीकों से परिचित कराएंगे। कार्यशाला में प्रगतिशील किसान, स्टार्टअप और उद्यमी, शोधार्थी, वैज्ञानिक, एनजीओ और अन्य प्रमुख हितधारक शामिल होंगे। बैठक में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्चे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी. के. कौतु, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, उप लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, डीन डॉ. अल्पना सिंह, और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित रहे।

## महावीर जन्म कल्याणक पर जीव दया सेवा, पक्षियों के लिए जल पात्र व राहगीरों हेतु प्याऊ की व्यवस्था

**जबलपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की पावन श्रृंखला के अंतर्गत जीव दया को समर्पित एक सुंदर सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती कल्पना जी हार्डवेयर के सौजन्य से पक्षियों के लिए सकोरे (जल पात्र) वितरित किए गए तथा प्यासे राहगीरों के लिए पंयाऊ की व्यवस्था की गई। यह सेवा कार्य बड़े उत्साह एवं समर्पण के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सभी बहनों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संभाग अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन शांत, शाखा अध्यक्ष मीना बडकुल, आदरणीय रानी जी, मणी जैन जी, साधना बड़कुल जी, संजना जैन, निशा चौधरी जी, चंद्रप्र भाजी, श्रीमती कल्पना जी हार्डवेयर, पुष्पा जी, सुशीला नेता एवं रेखा विनोद जैन की गरिमामय उपस्थिति रही।



रेग्युलेशन 7.2 से उपभोक्ताओं का छलावा हुआ

## 9 वर्ष पूर्व के पावर परचेस खर्च जोड़ने से बिजली रेट्स में हुई भारी वृद्धि

हरिभूमि जबलपुर।

इस वर्ष के बिजी दर निर्धारण हेतु रेग्युलेशन 7.2 में तीन बिन्दुओं (टैरिफ प्रस्ताव, टू-अप वर्ष 2024-25 हेतु तथा रेवेन्यु गैप) को प्रस्तुत करना जरूरी था, लेकिन इन तीन बिन्दुओं के अलावा बिजली कंपनियों ने पूर्व के 09 वर्ष के सप्लीमेंटरी पावर खरीदी खर्च को भी जोड़ा है। उन्होंने आयोग के 16 अक्टूबर 2025 के आदेश का हवाला देकर रेग्युलेशन 7.2 से उपभोक्ताओं के साथ छलावा किया है।

### आयोग की पुष्टि

विद्युत नियामक आयोग ने स्वयं इसकी पुष्टि करते हुए जारी किए गए टैरिफ आदेश के पृष्ठ 16 पैरा 1.25 में बताया है कि वर्ष 2024-25 के टू-अप में बिजली कंपनियों ने वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक के नौ वर्ष के सप्लीमेंटरी पावर परचेस खर्च को जोड़ा है। डॉ. पीजी नाजपांडे ने इसका विरोध करते हुए सचिव विद्युत नियामक आयोग को ई-मेल भेजा है। ई-मेल में बताया गया कि यदि पूर्व के नौ वर्ष के खर्च को जोड़ा नहीं जाता तो वर्तमान खर्च तथा आमदनी के बीच की रेवेन्यु गैप शून्य हो जाती, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और 01 अप्रेल से बिजली रेट बढ़ गए।

### आयोग की मंजूरी भी गलत है

रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाष चंद्रा, मनीष शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, पीएस राजपूत, डीआर लखेरा ने बताया कि आयोग की मंजूरी भी गलत है, क्योंकि रेग्युलेशन 7.2 को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है।

## धोखाधड़ी पर ढ़ाई वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा तोमर की अदालत ने भूखंड विक्रय के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के आरोपित जबलपुर निवासी अब्दुला खान का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ ढ़ाई वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ मनीष समाधिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अधारताल निवासी फरियादी देवदास बेन से आरोपित अब्दुला खान ने अपने नौदराब्रिज स्थित सेंट्रल प्लाजा के आफिस में रानी दुर्गावती समाधि बरगी रोड के 1000 वर्गफीट के प्लाट में निर्माण कर सात लाख रुपये में देने का सौदा तय किया था। इसके लिए बकाया बुकिंग राशि दी और एग्रीमेंट के दौरान पचास हजार रुपये दिए। इसके बाद हर माह छह हजार रुपये की किश्त जमा करता रहा। जब उसने करीब एक लाख छह हजार रुपये जमा कर दिए और उसके बाद की किश्त देने गया तो पता चला कि अब्दुला खान आफिस छोड़कर भाग गया है। जिसकी शिकायत ओमती थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जांच दौरान पाया कि आरोपित ने अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी करते हुए करीब 57 लाख 11 हजार 529 रूपये का गबन किया है।

## चेक बाउंस पर छह माह का कारावास

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डा. गौरव गर्ग की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपित गुप्तेश्वर, जबलपुर निवासी जितेंद्र कुमार तामिया का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ छह माह के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही तीन लाख 78 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। परिवादी बेलबाग निवासी शुभम बिरहा की ओर से अधिवक्ता विकास कुमार संटू, सौरभ शर्मा, आशीष प्रताप सिंह, सौरभ नाहर व अभय पटेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने कर्ज अदायगी के लिए 15 अप्रैल, 2021 को ढ़ाई लाख रुपये का चेक दिया था। चेक बैंक में जमा करने पर खाते में अपर्याप्त निधि के आधार पर बाउंस हो गया। लिहाजा, सूचना-पत्र प्रेषित किया गया। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए अदालत आना पड़ा।

## मोमोज और चाट की दुकान में खप रही थी घरेलू गैस

**जबलपुर।** मझौली पुलिस ने पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान बाजार प्लाट मझौली में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया है। मझौली थाना प्रभारी नेहरु सिंह खण्डाते ने बताया कि गत दिवस भ्रमण के दौरान बाजार प्लाट मझौली में मोमोज दुकान संचालक वार्ड नंबर 2 मझौली निवासी 21 वर्षीय वासू साहू को घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वासू के कब्जे से एक एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर जप्त की है। इसी प्रकार बाजार प्लाट मझौली में वार्ड नम्बर 5 मझौली निवासी 27 वर्षीय चाट दुकान संचालक गोलू रैकवार को चाट की दुकान में घरेलू गैस सिलेण्डर कर उपयोग करते हुये गिरफ्तार कर उसके पास से एक एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर जप्त किया गया। इसी तरह बाजार प्लाट मझौली में वार्ड नम्बर 8 मझौली निवासी 49 वर्षीय राकेश सैनी को आलूबंडा की दुकान में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग करते हुये गिरफ्तार कर उसके पास से एक एचपी कम्पनी का घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किया गया। इसी तरह बाजार प्लाट मझौली में वार्ड नम्बर 10 पोला रोड़ मझौली निवासी 38 वर्षीय लक्ष्मण प्रसाद राजपूत द्वारा मोमोज की दुकान में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग करते हुये पकड़ा और उसके पास से एक एचपी कम्पनी का घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किया गया।

मंत्री श्री तोमर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

# मानसून पूर्व मेंटीनेंस कार्यों का एसई और सीई करें निरीक्षण : ऊर्जा मंत्री तोमर



**जबलपुर।** "मानसून पूर्व वितरण ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाइनों के मेंटीनेंस कार्यों का निरीक्षण एसई और सीई नियमित रूप से करें। बेहतर मेंटीनेंस होने पर ट्रिपिंग की समस्या दूर होगी।" ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश बुधवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस के दौरान गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करें। सामग्री के उपयोग से पहले उसका लैब में परीक्षण भी होना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है। सभी बड़े एवं छोटे बकायादारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर योजनांतर्गत वसूली की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पहले बड़े बकायादारों से वसूली की कार्यवाही करें। वसूली की कार्यवाही अप्रैल माह से ही प्रारंभ कर दें। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करें। गलत बिजली बिलों में सुधार तुरंत होना चाहिए। जहां पर स्टाफ की ज्यादा कमी है, वहां पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाएं लेने की कार्ययोजना बनाएं। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आगामी सीजन में मूंग की फसल को ध्यान में रखते हुए पॉवर ट्रांसफार्मर पर ओवरलोडिंग एवं विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले एवं ओएसडी विजय गौर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया प्रावधान

## एमपी स्टेट बार काउंसिल की नामांकन राशि वापस नहीं की जाएगी

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव में बार काउंसिल आफ इंडिया के आदेश अनुरूप प्रत्येक प्रत्याशी के लिए नामांकन शुल्क एक लाख पच्चीस हजार रुपये व दिव्यांग प्रत्याशियों के लिये नामांकन शुल्क पांच हजार रूपये निर्धारित किया गया है। उक्त राशि किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं होगी। यह जानकारी चुनाव अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो ने दी। उन्होंने बताया कि यह चुनाव 23 सदस्यों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिनमें से पांच सदस्य महिलाएं होंगी व दो महिला सदस्यों को सह-नामांकन के माध्यम से नामित किया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि 25 सदस्यों वाली इस संस्था में 30 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए निर्धारित है, जिसमें से 20 प्रतिशत अर्थात पांच सदस्य महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे व दो महिला सदस्य सह-नामांकन के माध्यम से नामित किए जाएंगे। शेष 18 सदस्यों का निर्वाचन नियमानुसार वरीयतामत प्रणाली द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को प्रत्याशियों के लिए एक से 23 तक क्रम संख्या अपनी वरीयता के अनुसार अंकित करनी होगी। अधिवक्ता मतदाताओं से यह भी आग्रह किया गया है कि वे एक से अधिक प्रत्याशियों को एक ही क्रम संख्या न दें, अन्यथा उनका मत निरस्त कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, यदि किसी प्रत्याशी को एक से अधिक वरीयता दी जाती है तो भी वह मत निरस्त माना जाएगा। सभी अधिवक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपना परिचय पत्र मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद या संबंधित जिला-तहसील अधिवक्ता संघ से प्राप्त कर लें व मतदान तिथि 12 मई को अपने परिचय पत्र के साथ मतदान केंद्र पर उपस्थित रहें, अन्यथा मतदान के समय उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

## चिंतन

# जनगणना में लें बढ़-चढ़कर हिस्सा

देश में 1 अप्रैल 2026 से बहुप्रतीक्षित जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। यह केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से जुटाए गए आंकड़े ही आने वाले वर्षों में सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास के खाके को निर्धारित करते हैं। ऐसे में यह केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है कि वह इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इस बार की जनगणना कई मायनों में विशेष है। पहली बार इसे पूरी तरह डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। अब तक जहां आंकड़े कागज पर दर्ज होते थे और बाद में उन्हें डिजिटाइज किया जाता था। वहीं इस बार कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए सीधे डेटा एकत्र करेंगे। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि त्रुटियों की संभावना भी कम होगी। इसके साथ ही नागरिकों को 'स्वयं-गणना' की सुविधा भी दी गई है, जिससे वे खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जनगणना की यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा, जिसमें 'हाउस लिस्टिंग' यानी मकानों की गिनती और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का प्रारंभिक आकलन संभव होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें वास्तविक जनसंख्या गणना की जाएगी। इस जनगणना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि लगभग 90 वर्षों बाद जाति-आधारित आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। इससे पहले 1931 में इस प्रकार का डेटा जुटाया गया था। आज के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार होगा। हालांकि, इस विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, फिर भी यह स्पष्ट है कि सटीक आंकड़े ही सटीक नीतियों का आधार बनते हैं। करीब 34 लाख कर्मचारियों की विशाल टीम इस कार्य में जुटी है, जो घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेगी। ऐसे में आम नागरिकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। जब जनगणना कर्मचारी आपके घर आएं, तो उनके साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करें और सही व पूरी जानकारी दें। गलत या अधूरी जानकारी न केवल आंकड़ों को प्रभावित करती है, बल्कि भविष्य की योजनाओं को भी कमजोर कर सकती है। इस बार जनगणना में कुछ नए पहलू भी शामिल हैं, जैसे लिव-इन संबंधों को मान्यता देना (यदि संबंध स्थिर हैं) और आधुनिक जीवनशैली से जुड़े पहलुओं को भी दर्ज करना। यह बदलते समाज की झलक को दर्शाता है और यह बताता है कि सरकार वर्तमान वास्तविकताओं को समझकर नीति निर्माण करना चाहती है। कुल मिलाकर जनगणना केवल सरकार की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की भागीदारी से सफल होने वाला राष्ट्रीय अभियान है। यह वह अवसर है, जब हर व्यक्ति अपने अस्तित्व को आधिकारिक रूप से दर्ज कराता है और देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करता है। देश के विकास की मजबूत नींव सटीक आंकड़ों पर ही टिकी होती है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें, जागरूक बनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जनगणना में आपकी भागीदारी न केवल आपकी पहचान को दर्ज करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की राह भी प्रशस्त करती है।

# संकल्प के साथ नक्सलवाद का अंत



सफलता
प्रमोद भार्गव

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था।

इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सशक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है। छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है, इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है। 'शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया है और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में शाह ने कहा, '75 साल में 60 साल कांग्रेस ने राज किया। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी, न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई।' 'शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई। यही कारण रहा कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर इलाके में नक्सली आतंक



बेखौफ फलता-फूलता रहा। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाए। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया। इसका परिणाम निकला कि एक के बाद एक खून की इबारत लिखने वाले नक्सली मारे जाने लगे। जो नक्सली समर्पण के लिए तैयार हुए उन्हें समर्पण का अवसर और समझौते में बताई गई शर्तों का पालन करने का भरोसा दिया। नतीजतन इसके पहले तक गुप्तचर एजेंसियां नक्सलियों का सुराग लगाने में असफल रहती थीं, उन्हें नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद भरोसे की सूचनाएं मिलने लगीं। इस रणनीति के बाद से सैन्यबलों को सटीक सूचनाएं मिलीं और वे नक्सलियों को निशाना बनाने में लगातार कामयाब होने लगे। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं, इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर एजेंसियों को खबर देने लगे। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित थे। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही हैं। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की रक्तरंजित मुहिम जारी रखनी है। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं, लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में असफल रहीं।

दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोले हुए था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते थे। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता था, उसकी बोलती बंद कर दी जाती थी। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि नक्सलियों के जो भी नगरीय बौद्धिक समर्थक हैं, उनके तार देश-विदेश में नक्सल समर्थक वामपंथियों से जुड़े हैं, जो इन्हें धन और हथियार उपलब्ध कराते रहे हैं। सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## हनुमान जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# अतुलनीय बल के स्वामी और श्री राम के अनन्य उपासक

अंजनी पुत्र हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सेवा के लिए महादेव ने एकादशी रूद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। सनातन संस्कृति के उपासकों के लिए हनुमान जयंती का विशेष रूप से महत्व है। भगवान हनुमान के दिव्य गुण इस उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। हनुमान निःस्वार्थ भक्ति, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं। हनुमान जी का दैवी गुणों से परिपूर्ण आध्यात्मिक उदात्त चरित्र हमें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर विजय पाने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के लिए भक्ति, विनम्रता और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। पवनसुत, मंगल मूर्ति, संकट मोचन आदि कहे जाने वाले श्री हनुमान के नाम के स्मरण मात्र से ही भक्तों के समस्त दुखों का नाश हो जाता है। हनुमान के दिव्य गुणों का वर्णन करते हुए हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये। अर्थात भगवान हनुमान मन से भी अधिक भगवान, वायु के समान तीव्र वेग वाले, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले, बुद्धिमानों में वरिष्ठ, वायु पुत्र, वानर समूह के मुख्य नेता, भगवान श्री राम के अन्य दूत हनुमान का सान्निध्य प्राप्त हो। तुलसीदास ने हनुमान को गुणों का भंडार माना है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हनुमान अन्य सेवक एवं उपासक थे। वे मानसा, वाचा, कर्मणा प्रभु श्री राम को समर्पित थे। बाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण का वध करने और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे, तब उन्होंने युद्ध में साथ देने वाले सभी वीरों को उपहार दिया, जब हनुमान जी की बारी आई तो उन्होंने याचना करते हुए प्रभु राम से कहा कि -हे राम, इस लोक पर जब तक राम कथा प्रचलित रहे, तब तक मेरे प्राण शरीर में बसे रहे। हनुमान की याचना पर श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि - 'हे कपि श्रेष्ठ इस संसार में जब तक राम कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी'। सात्विक अंतकरण एवं एकाग्रता के साथ की गई हनुमान की उपासना से हमारे जीवन में व्याप्त समस्त नकारात्मक आसुरी शक्तियों का विनाश हो जाता है। शरीर तथा मन में व्याप्त रोगों का हनुमान के स्मरण से विनाश हो जाता है। हनुमान आध्यात्मिक




विभूतियों से परिपूर्ण महान पराक्रमी योद्धा हैं। हनुमान की भक्ति मनुष्य को पराक्रम शारीरिक तथा मानसिक बल प्रदान करने वाली मानी गई है। वे मनुष्य और देवता के बीच वह सेतु हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यदि चेतना जागृत हो जाती है तो शारीरिक सीमाएं अर्थहीन हो जाती हैं। वह ब्रह्म की साक्षात क्रियात्मक शक्ति हैं। हनुमान जी ब्रह्मांड के वह पार्टिकल हैं जिनमें साक्षात परमात्मा की स्पीड और पावर विद्यमान है। उनकी अष्ट सिद्धियां वास्तव में पदार्थ और ऊर्जा पर नियंत्रण की प्रतीक हैं। अणिमा सिद्धि परमाणु स्तर पर संकुचित होने की क्षमता है, जबकि महिमा ब्रह्मांडीय विस्तार का विज्ञान है। वह क्वांटम फिजिक्स के मास डिसेंटी और स्पेस टाइम के सिद्धांतों को चुनौती देने वाली सर्वोच्च तकनीक हैं। वज्र के समान उनका शरीर उनकी कोशिकाओं का घनत्व सामान्य जैविक ढांचे से भिन्न था, जो उन्हें वायु की गति से उड़ाने और गुरुत्वाकर्षण को भी बेअसर करने की शक्ति प्रदान करता था। हनुमान का प्रक्रम किसी सेवा का मोहताज नहीं था, वह स्वयं वन मैन आर्मी थे। समुद्र लांघना हनुमान जी की शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि उनके संकल्प की विजय थी।

वे उत्कृष्ट वाणी के स्वामी और ऋग्वेद के प्रकांड विद्वान थे। जब ऋष्यमूक पर्वत पर हनुमान प्रथम बार प्रभु श्री राम से मिले तो उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण करके शास्त्र सम्मत संवाद किया। उनकी व्याकरण और शुद्ध उच्चारण से परिपूर्ण वाणी को सुनकर भगवान श्री राम भी चकित रह गए। किष्किंधा कांड में हनुमान के व्यक्तित्व की उत्कृष्टता लक्ष्मण को बताते हुए प्रभु राम कहते हैं कि - 'जिसने ऋग्वेद की शिक्षा न ली हो, यजुर्वेद का अभ्यास न किया हो। सामवेद का जिसे ज्ञान न हो, वह इतनी परिष्कृत भाषा में संवाद नहीं कर सकता।' निश्चय ही हनुमान ने संपूर्ण व्याकरण का अनेक बार स्वाध्याय किया है। इससे सिद्ध होता है कि हनुमान जी वाचस्पति थे। हनुमान की भक्ति अभय प्रदान करती है। मानसिक पटल पर विद्यमान भय, चिंता, रोग, कष्ट को दूर करके मंगल प्रदान करने वाली कही गई है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## मूर्ख साधू और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डिजिटल जनगणना का महत्त्व


भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- अशोक कुमार, पहरावर, रोहतक*

## करंट अफेयर

# ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू

ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है' और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर' ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।



## ऑफ बीट


# जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा

जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।



## ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग



लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### लिएंडर पेस का स्वागत



भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बीजेपी को हार का डर



तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के ख़िलाफ़ 145 एफआईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ज़रूरी वस्तुएं महंगी



मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा ख़ामियाज़ा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ेंगे।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### आईनॉक्स क्लीन ने वाइब्रेंट का अधिग्रहण किया पूरा

**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने मैक्वेरी कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों से वाइब्रेंट एनर्जी का अधिग्रहण 5,000 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर पूरा कर लिया है। वैश्विक विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) परिवेश में उतार-चढ़ाव के बावजूद यह अधिग्रहण रिकॉर्ड चार महीनों में पूरा किया गया।

### मप्र में नए वित्त वर्ष के शुरू में महंगा हुआ दूध



**इंदौर।** गर्मियों के मौसम में पशु आहार की बढ़ती कीमतों के कारण मध्यप्रदेश के कई स्थानों में विक्रेताओं ने बुधवार से दूध के खुदरा दामों में दो से चार रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया। इंदौर, उज्जैन, धार, देवास, भोपाल, जबलपुर और अन्य स्थानों में खुले दूध के खुदरा दाम में दो से चार रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है।

### बेलगोटेक्स की दिवाला अर्जी पर दोबारा होगी सुनवाई




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने पुनीत इंडिया के खिलाफ दायर बेलगोटेक्स इंडिया की दिवाला अर्जी को खारिज करने वाले एनसीएलटी के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अपीलीय न्यायाधिकरण की दो-सदस्यीय पीठ ने मामले को फिर से सुनवाई के लिए एनसीएलटी की नयी दिल्ली पीठ को वापस भेज दिया।

### फिजिक्सवाला का संग्रह 36% बढ़कर 205 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला ने मंगलवार को बताया कि ऑनलाइन बैच शुरू होने के 20 दिन के भीतर ही उसके संग्रह में लगभग 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 205 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने बताया कि इस शैक्षणिक उत्सव के पांचवें संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों से 34 लाख से ज़्यादा विद्यार्थी सोशल मीडिया मंच पर जुड़े।

### डीजीसीए को मिला नया प्रमुख विक्रम यादव

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र में चुनौतियों के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नए महानिदेशक कार्यभार संभालने जा रहे हैं। निवर्तमान महानिदेशक फैज अहमद किदवई का स्थान वीर विक्रम यादव लेंगे। किदवई के कार्यकाल में डीजीसीए ने कई चुनौतियों का सामना किया। जून, 2025 में एयर इंडिया के विमान की दुर्घटना शामिल है।



### वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे ने रिकॉर्ड 167 करोड़ टन माल की ढुलाई की

नई दिल्ली रेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 167 करोड़ टन माल की ढुलाई कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो एक साल पहले के मुकाबले 3.25 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि परिचालन दक्षता में सुधार, क्षमता विस्तार और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों द्वारा रेल परिवहन पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है। समाप्त वित्त वर्ष में ढुलाई के लिए इस्तेमाल हुए रेल वैगन की संख्या 4.56 प्रतिशत बढ़कर 2,91,86,475 हो गई। यह 2024-25 में 2,79,12,271 वैगन थी।

# ओरेकल ने एक झटके में 30 हजार नौकरी की खत्म, इनमें 12 हजार भारतीय शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी आईटी कंपनी ओरेकल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी ने भारत में लगभग 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है और आने वाले एक महीने में एक और बड़े स्तर की छंटनी की संभावना जताई जा रही है। कंपनी ने दुनियाभर में जितने लोगों को नौकरी से निकाला है, उनमें भारतीय कर्मचारियों की संख्या 40 फीसदी से ज्यादा है। बड़ी बात यह है कि वैश्विक स्तर पर कंपनी ने करीब 30,000 कर्मचारियों की छंटनी की है। इस जानकारी की पुष्टि छंटनी से प्रभावित कर्मचारियों ने की है। बताया जा रहा है कि भारत में ओरेकल के कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 30,000 बताई जा रही है, जिनमें से बड़ी संख्या इस फैसले से प्रभावित हुई है। हालांकि, कंपनी ने इस पूरे मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

- भारत में कार्यरत ओरेकल के कुल कर्मचारियों की संख्या 30 हजार बताई जा रही

**आने वाले एक महीने में एक और बड़े स्तर की छंटनी की संभावना जताई**

### दावा- एआई की वजह से कर्मचारियों को निकाला

*एक सीनियर मैनेजर माइकल शेफर्ड ने लिंक्डइन पर लिखा कि सीनियर इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स, ऑपरेशंस लीडर्स, प्रोग्राम मैनेजर्स और टेक्निकल स्पेशलिस्ट्स को नौकरी से निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह छंटनी परफॉर्मेंस के आधार पर नहीं की गई है। इधर, एक रिपोर्ट में सीनियर कर्मचारियों के हवाले से बताया है कि कंपनी एआई में भारी निवेश कर रही है, जिसके चलते यह कदम उठाया गया है। ओरेकल अंदरूनी तौर पर एआई टूल्स का इस्तेमाल कर रही है। इसकी मदद से कम कर्मचारी ज्यादा काम कर पा रहे हैं।*




### आपसी सहमति से इस्तीफा देने वालों को दो माह की सैलरी

*इसके तहत एक साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को 15 दिन की सैलरी दी जाएगी। इसके अलावा टर्मिनेशन डेट तक की सैलरी, लीव इनकैशमेंट, पात्रता के अनुसार ग्रेच्युटी और एक महीने के नोटिस पीरियड की सैलरी भी शामिल है। कंपनी ने अतिरिक्त तौर पर दो महीने की सैलरी देने का भी प्रस्ताव रखा है, लेकिन यह पैकेज केवल उन कर्मचारियों के लिए है जो आपसी सहमति से इस्तीफा देते हैं।*

### कर्मचारियों की छंटनी के बाद अब क्या होगा?

कंपनी के कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि संगठन में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं, जिसके चलते ऑपरेशन्स को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। इसके परिणामस्वरूप कई पदों को समाप्त किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों की नौकरी पर असर पड़ा है। छंटनी के बाद कर्मचारियों के लिए एक सेवरेंस पैकेज भी घोषित किया गया है।

## मारुति, टाटा और महिंद्रा का शानदार प्रदर्शन

# जीएसटी 2.0 से बीते वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री 47 लाख इकाई के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 47 लाख इकाई के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे वाहन निर्माताओं के शानदार प्रदर्शन और वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 'जीएसटी 2.0' के प्रभाव ने बिक्री को रफ्तार देने में मुख्य भूमिका निभाई।

वाहन उद्योग नए वित्त वर्ष में भी इस गति को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की स्थिति पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। इसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले संभावित जोखिमों और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण वाहनों के दाम बढ़ने से मांग पर पड़ने वाले असर को कम करना है।

**दूसरी छमाही में जीएसटी कट ने बिक्री को दिया रफ्तार**

**उद्योग के नए वित्त वर्ष में भी गति बनाए रखने की उम्मीद**

**पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर उद्योग की पैनी नजर**



### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत मांग

कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कुल 30,531 वाहन बेचे। कंपनी के अनुसार, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री वाहनों की मजबूत मांग के साथ-साथ उसके प्रीमियम ब्रांड 'अर्बानिया' की बिक्री में 100 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया।

### टाटा मोटर्स की बिक्री में आठ फीसदी की तेजी

*टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने कहा, /"यात्री वाहन उद्योग की बिक्री में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। जीएसटी 2.0 और त्योहारी सीजन के कारण दूसरी छमाही में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की गई।/" टाटा मोटर्स ने भी 6.4 लाख से अधिक इकाइयों की अपनी सर्वाधिक वार्षिक बिक्री हासिल की है।*

### पहली छमाही चुनौतीपूर्ण रही

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 दो हिस्सों में बंटा रहा। पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन सितंबर, 2025 में जीएसटी दरों में कटौती के बाद दूसरी छमाही में मांग में जबर्दस्त उछाल आया। इससे उद्योग को लगभग 47 लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा छूने में मदद मिली।

### मारुति कच्चे माल की लागत बढ़ने से कीमत बढ़ा सकती है

वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 43.4 लाख इकाई था।बनर्जी ने बताया कि आयकर में छूट, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती और जीएसटी 2.0 ने बिक्री बढ़ाने में मदद की है। हालांकि, कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण मारुति सुजुकी सहित अन्य कंपनियां कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती हैं, जिसका असर छोटी कारों जैसे संवेदनशील बाजार पर पड़ सकता है।

### महिंद्रा के वाहन बिक्री में 20 फीसदी का इजाफा

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भी बीते वित्त वर्ष में 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,60,276 वाहनों की बिक्री की। कंपनी के वाहन खंड के सीईओ नलिनीकांत गोलागुंटा ने इसे मील का पत्थर बताते हुए कहा कि एसयूवी और हल्के वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में कंपनी ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज किया है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वित्त वर्ष 2025-26 में 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,06,081 इकाइयों की बिक्री की जानकारी दी।

*हुंडई का घरेलू बिक्री में श्रेष्ठ प्रदर्शन*

*हुंडई मोटर इंडिया ने भी जनवरी-मार्च 2026 की तिमाही में 1,66,578 इकाइयों की घरेलू बिक्री के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ तरुण गर्ग ने कहा कि वे वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सतर्क हैं लेकिन अगले वित्त वर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं।*

*किआ ने 11 फीसदी की वृद्धि दर्ज की*

*किआ इंडिया ने जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाही में 84,316 इकाइयों की बिक्री के साथ 11.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि स्कोडा ऑटो इंडिया ने भी इसी अवधि में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपनी अब तक की सर्वाधिक तिमाही बिक्री हासिल की।*

# चांदी 9,000 रुपए मजबूत सोना 3,500 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- तनाव कम होने के संकेत से बाजार में आई तेजी
- चांदी बढ़कर 2.46 लाख रुपए किलो,
- सोना 1.55 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

मजबूत वैश्विक रूख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने बताया कि बुधवार को भी सोने की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। इस तेजी की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत हैं। इससे आगे और तनाव बढ़ने या ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने का जोखिम कम होने की उम्मीद है।गांधी ने कहा कि इस घटनाक्रम से तेल की कीमतें नरम रहने की उम्मीद है। इससे महंगाई को लेकर चिंता कम हुई है और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की संभावना भी कम हो जाती है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में, सोने की कीमत 57,350 रुपये, या लगभग 61 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये

### निवेशकों को चांदी में 131 फीसदी का लाभ मिला

चांदी की कीमतों में भी 1,34,500 रुपये की भारी उछाल देखने को मिली, जिससे घरेलू बाजारों में निवेशकों को 131 प्रतिशत से अधिक का लाभ मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 76.51 डॉलर यानी लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 4,743.89 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी मामूली गिरावट के साथ 75.04 डॉलर प्रति औंस पर रही।

- केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 को चलन से बाहर किए थे 2,000 के नोट

# अब तक 2,000 के 98.45 फीसदी नोट वापस आ चुके : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद 98.45 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।आरबीआई ने एक बयान में कहा कि 19 मई, 2023 को कारोबार समाप्ति के समय चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 मार्च 2026 को घटकर 5,501 करोड़ रुपये रह गया है। आरबीआई ने कहा, /"इस तरह 19 मई 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोट में से 98.45 प्रतिशत अब तक वापस आ चुका है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि 2,000 रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा उसके 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

*अब भी नोट जमा करा सकते हैं :* *इसके अलावा, आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिये 2,000 रुपये के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय को भेजकर अपने बैंक खाते में जमा करा सकते हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने यह स्पष्ट किया कि 2,000 रुपये के नोट अभी भी वैध मुद्रा बने हुए हैं।*

### डिजिटल भुगतान के लिए दो-स्तरीय सत्यापन हुआ जरूरी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण बुधवार से अनिवार्य हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्देशों के तहत सभी तरह के डिजिटल लेनदेन के लिए अब दो-स्तरीय सत्यापन करना अनिवार्य हो गया है। नए नियम के तहत कोई भी डिजिटल लेनदेन पूरा करने के लिए उपयोगकर्ता का दो स्तरों पर सत्यापन करना होगा। इसका मतलब है कि अब केवल यूपीआई पिन डालने से ही भुगतान पूरा नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने की स्थिति में भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा।

# सरकार ने मार्च में दो लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में आयात के साथ-साथ घरेलू बिक्री एवं खरीद से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के दम पर मार्च में करीब नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह कटौती से पहले के स्तर दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2025-26 में तीसरा सबसे अधिक मासिक संग्रह है।

सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू सकल राजस्व में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 53,861 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मार्च, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मार्च) में मार्च, 2026 में तीसरा सबसे अधिक संग्रह दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल, 2025 में 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अब तक का सबसे अधिक जीएसटी राजस्व दर्ज किया गया। वहीं मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।




- जीएसटी संग्रह में मार्च में करीब नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई
- वित्त वर्ष 2025-26 में तीसरा सबसे बड़ा अधिक मासिक संग्रह

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.**
**फोन नं. 07652-245167 ईमेल - dfotnshahd-mp@gov.in**

क्र./व्यय/773 — शहडोल, दिनांक 31/03/2026

**निविदा विज्ञप्ति**

वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न वानिकी एवं अधोसंरचना कार्यों हेतु प्रयोग होने वाली सामग्रियों की आपूर्ती हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | संत्याकार निधि |
|---|---|---|
| 1 | वानिकी एवं अधोसंरचना हेतु प्रयोग होने वाली सामग्री | 130000 |

निविदा के संबंध मे समस्त जानकारी ई निविदा क्रमांक 2026_MPFD_495036_1 के माध्यम से प्राप्त करे ।

**वनमण्डलाधिकारी**
G-11029/26 "स्वच्छता ही सेवा" **उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.**

**म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : शक्तिभवन, रामपुर, जबलपुर-482008
कार्पोरेट पहचान संख्या (सी.आई.एन) : U40109MP2001SGC014880,
टेलीफोन नं. : (0761) 2662144, फैक्स नं. : (0761) 2665593
ई-मेल : ed.cra@mptransco.nic.in, वेबसाइट : mptransco.nic.in

**आम सूचना**

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के विनियमन के अनुसार मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एम.पी.पी.टी.सी.एल.) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के पारेषण प्रभार के सत्यापन हेतु माननीय आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई थी। एम.पी.पी.टी.सी.एल. की उपरोक्त याचिका पर माननीय आयोग के आदेश दिनांक 23.03.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के पारेषण प्रभार की सत्यापित राशि ₹. 338.96 करोड़ का निर्धारण किया गया। उपरोक्त सत्यापित राशि ₹. 338.96 करोड़ को एम.पी.पी.टी.सी.एल. के दीर्घ अवधि के हितग्राहियों से आवंटित पारेषण क्षमता के अनुपात में टैरिफ विनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में वसूल किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/125156/2026 — **कार्यपालक निदेशक (सी.आर.ए.)**

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 628 / खनिज / 2024-25 — दिनांक 31/03/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष मिश्रा पता- कचनार सिटि फेस -2 विजय नगर, जिला जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 25/03/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि मे इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है, तथा आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है । उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in. पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

**आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | शहपुरा | भदरवारा | 59 | 2.650 | शासकीय | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 2.650 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा ।4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

**खनि अधिकारी (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर, (म.प्र.)**
G-11030/26 "स्वच्छता ही सेवा"

**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कार्यालय - बालोद वनमंडल बालोद**

**काष्ठागार डिपो बालोद का ई- ऑक्सन का संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि बालोद वनमण्डल के शासकीय काष्ठागार एवं विभिन्न डिपो में (ग्रहित ईमारती, जलाऊ काष्ठ एवं बांस का ई-ऑक्सन व्दारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बालीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / वन काष्ठगार डिपो, बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम तिथि - 16/04/2026**
**समय प्रात: 09:00 बजे से**

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| क्र. | प्रजाति | नयी काष्ठ | | | गत अविक्रित काष्ठ | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 96.920 | 626 | 1224 | 378.617 | 1436 | 2141 | 475.537 | 2062 | 3365 |
| 2 | बीजा | 75.564 | 88 | 2 | 86.514 | 5 | 3 | 162.078 | 93 | 5 |
| 3 | साजा | 11.504 | 175 | 4 | 36.135 | 3 | 0 | 47.639 | 178 | 4 |
| 4 | कसही | 0.812 | 0 | 0 | 15.220 | 0 | 0 | 16.032 | 0 | 0 |
| 5 | हल्दू | 4.131 | 0 | 0 | 3.989 | 1 | 0 | 8.120 | 1 | 0 |
| 6 | मुण्डी | 1.264 | 9 | 0 | 7.466 | 0 | 0 | 8.730 | 9 | 0 |
| 7 | धाठा | 1.672 | 0 | 0 | 0.549 | 0 | 0 | 2.221 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 10.629 | 108 | 6 | 0.000 | 1 | 0 | 10.629 | 109 | 6 |
| 9 | आम | 0.000 | 0 | 0 | 5.808 | 0 | 0 | 5.808 | 0 | 0 |
| 10 | ईमली | 0.000 | 0 | 0 | 0.328 | 0 | 0 | 0.328 | 0 | 0 |
| 11 | करही | 0.000 | 0 | 0 | 0.697 | 0 | 0 | 0.697 | 0 | 0 |
| 12 | कर्रा | 20.779 | 1286 | 6 | 10.171 | 0 | 0 | 30.950 | 1286 | 6 |
| 13 | महुआ | 0.000 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 |
| 14 | नीम | 0.000 | 0 | 0 | 0.762 | 0 | 0 | 0.762 | 0 | 0 |
| 15 | सेम्हर | 0.000 | 0 | 0 | 4.282 | 2 | 0 | 4.282 | 2 | 0 |
| 16 | सिरस | 3.909 | 0 | 0 | 0.064 | 0 | 0 | 3.973 | 0 | 0 |
| 17 | तेन्दु | 0.000 | 0 | 0 | 5.301 | 0 | 0 | 5.301 | 0 | 0 |
| 18 | बबुल | 7.888 | 0 | 4 | 0.000 | 0 | 0 | 7.888 | 0 | 4 |
| 19 | भिरहा | 19.674 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 19.674 | 0 | 0 |
| 20 | कहुआ | 5.654 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 5.654 | 0 | 0 |
| 21 | किरगी | 13.464 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 13.464 | 0 | 0 |
| 22 | अन्य | 27.142 | 497 | 54 | 6.729 | 126 | 0 | 33.871 | 623 | 54 |
| | योग | 301.006 | 2789 | 1300 | 562.754 | 1574 | 2144 | 863.760 | 4363 | 3444 |
| 23 | जलाऊ चट्टा | 471 चट्टा | | | 14 चट्टा | | | 485 चट्टा | | |
| 24 | व्यापारिक बांस | - | | | 29646 नग = 64.572 नो. टन | | | 29646 नग = 64.572 नो. टन | | |
| 25 | औद्योगिक बांस | 9802 बंडल = 111.232 नो. टन | | | 6135 बंडल = 64.030 नो. टन | | | 15937 बंडल = 175.262 नो. टन | | |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है ।4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकंड का समय प्राप्त होगा।5. क्रेताओं के आधार कार्ड एवं पेनकार्ड लिंक होना चाहिये ।

**वनमंडलाधिकारी बालोद वन मंडल बालोद (छ.ग.)**
G-262700006/4

# एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन ने विकास और सांस्कृतिक समन्वय को प्रदान की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि काशी विश्वनाथ की पावन नगरी वाराणसी में सहयोग सम्मेलन का मप्र और उत्तर प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। यह आयोजन निर्यात सहयोग, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक पर्यटन की नई इबारत लिखेगा। यह सम्मेलन मुख्यतः एक जिला-एक उत्पाद, जीआई टैग उत्पादों, निर्यात योग्य उत्पादों, पारंपरिक शिल्प और क्षेत्रीय विशेषताओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने पर केंद्रित रहा।

डॉ. यादव सम्मेलन के बाद वाराणसी में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस सम्मेलन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार माना। उन्होंने उत्तरप्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी तथा राकेश सचान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहन देते हुए उनके ब्रांडिंग, विपणन एवं निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। औद्योगिक सहयोग, निवेश संवर्धन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं पर्यटन विकास को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों ने परस्पर समन्वय और सहयोग से समृद्धि और विकास की दिशा में लंबी छलांग लगाने का संकल्प लिया है।

### खास बातें

- प्रधानमंत्री मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार
- मुख्यमंत्री ने एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के बाद किया प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित



सीएम डॉ. यादव ने की पीसी।

### महत्वपूर्ण एमओयू हुए हस्ताक्षरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में मप्र एवं उत्तरप्रदेश सरकार के बीच दो महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। पहला एमओयू श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं श्री महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति के मध्य हुआ। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत वाराणसी और उज्जैन में हुए विकास कार्यों से दोनों स्थानों पर धार्मिक पर्यटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। दोनों शहरों की अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है। इन समानताओं को देखते हुए बाबा विश्वनाथ और महाकाल मंदिर के प्रबंधन से संबंधित अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से यह एमओयू किया गया है। दूसरा एमओयू वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट की पहल को मजबूत करने, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा अंतर्राज्यीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

### विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में ओडीओपी उत्पादों पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश के 14 और उत्तरप्रदेश के 07 जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में दोनों राज्यों के प्रदर्शकों द्वारा हस्तशिल्प, वस्त्र, खाय उत्पाद, जीआई टैग उत्पाद एवं अन्य स्थानीय विशिष्ट उत्पाद प्रदर्शित किए गए। सम्मेलन में दो समानांतर सत्रों का आयोजन भी किया गया।

### विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं की रही सहभागिता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य ओडीओपी, जीआई टैग, शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादकों, उद्योग जगत, निवेशकों, शिल्पकारों एवं नीति-निर्माताओं को एक वृहद एवं साझा मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में कुल लगभग 400 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों की व्यापक सहभागिता ने कार्यक्रम को संवाद, सहयोग एवं अनुभवों की साझेदारी का एक सशक्त एवं प्रभावी मंच बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा विशुद्ध रूप से ओडीओपी उत्पादों के एक्सचेंज और आपसी सीख के लिए अभिकल्पित किया गया था, जहां दोनों राज्यों के कारीगरों, उद्यमियों और निर्यातकों को प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। ओडीओपी एक्सचेंज आधारित प्रदर्शनी, राज्यों के बीच सहयोग, साझा ब्रांडिंग, संयुक्त निर्यात और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा।

### काशी विश्वनाथ में महानाट्य विक्रमादित्य का होगा मंचन

मप्र सरकार के संस्कृति विभाग और विक्रमादित्य शोध संस्थान का प्रयास है कि सम्राट विक्रमादित्य के जीवन से जुड़े विविध पहलु तथा उनका विराट व्यक्तित्व पूरे देश के लोगों के सामने आए। इस उद्देश्य से काशी विश्वनाथ धाम में महानाट्य विक्रमादित्य का 3, 4 और 5 अप्रैल को मंचन किया जा रहा है। इस नाट्य से विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दयालुता, सुशासन और लोकतंत्र के प्रति उनकी गहरी आस्था बेहतर तरीके से सबके सामने आएगी। नाटक में हाथी, घोड़े, ऊंट और पालकी शामिल होंगी। इस नाटक में 300 से 400 कलाकार सम्राट विक्रमादित्य के तत्कालीन समय को जीवंत करेंगे। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण सहयोग हमें प्राप्त हो रहा है।

## वेयरहाउस में एडवांस गेहूं खरीदी पर सोसाइटी और किसान ब्लैक लिस्टेड

**भोपाल।** बैरसिया में भागवती वेयरहाउस में गेहूं खरीदी शुरु होने के पहले ही छह हजार क्विंटल गेहूं सरकारी बोरियों में भरकर जमा कर दिया गया है। जबकि साढ़े पांच सौ क्विंटल गेहूं को बोरियों में भरकर रखने की तैयारी चल रही थी। मंगलवार को जब खाद्य विभाग की टीम पहुंची तो किसान मार्केटिंग सोसाइटी के कर्मचारी खुले गेहूं को सरकारी बोरियों में भरकर वेयरहाउस में रखवा रहे थे। खाद्य विभाग ने मार्केटिंग सोसाइटी और गेहूं बेचने वाले 35 किसानों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि बैरसिया स्थित भागवती वेयर हाउस बैरसिया विधायक विष्णु खत्री का है। यहां पर खरीदी शुरु होने के पहले ही छह हजार क्विंटल गेहूं किसानों से खरीदकर रखा गया था, जबकि साढ़े पांच सौ क्विंटल गेहूं को सरकारी बारदाने में शिफ्ट किया जा रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर गेहूं को जब्त कर लिया है। वेयर हाउस को भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। जांच में जिन 35 किसानों ने खरीदी शुरु होने से पहले ही वेयर हाउस में गेहूं रखवाया है, उन्हें भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। अब यह किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं नहीं बेच सकेंगे। उन्हें मंडी में जाकर ही गेहूं बेचना पड़ेगा। इधर किसान मार्केटिंग सोसाइटी के प्रबंधन पर भी कार्रवाई की अनुसंशा की जा रही है।

### मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन का हुआ समापन

# विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने युवा विधायकों ने लिए पांच संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे युवा विधायक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पालन करें। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए मप्र विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन (राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6) के समापन सत्र में युवा विधायकों ने मंगलवार को पांच संकल्प लिए।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने युवा विधायकों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में अलग-अलग विचारधाराओं के विधायकों ने अपनी सीमाओं से ऊपर उठकर विषय के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में टेक्नोलॉजी के उपयोग, स्वच्छता कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने, सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने, शिक्षा के विस्तार के साथ उसकी गुणवत्ता सुधारने, व आधारभूत संरचना के विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

*विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहाः यह केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प*





### विधायकों ने लिए यह 5 संकल्प

**संकल्प पहलाः** हम, युवा विधायक सम्मेलन में यह दृढ संकल्प लेते है कि लोकतंत्र की सशक्तता का मूल आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है।

**संकल्प दूसराः** हम, युवा विधायक समाज की नई ऊर्जा, नवाचार और परिवर्तन की सोच का प्रतिनिधित्व करते हुये नागरिकों और शासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे, हम जनसरोकारों को समझकर आम जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुँचायेंगे तथा पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

**संकल्प तीसराः** हम, नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने हेतु सतत/सार्थक प्रयास करेंगे ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लें. तकनीक और नवाचार का उपयोग कर शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक नीतियाँ बनाने एवं युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

**संकल्प चौथा :** हम युवा विधायक, राजनीतिक दबाव, संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएँ और बदलती वैश्विक परिस्थितियों का सामना करते हुये ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने के लिये दृढ संकल्पित रहेंगे।

**संकल्प पांचवाः** हम यह भी संकल्प लेते हैं कि हम स्वयं भी एक जागरूक नागरिक बनेंगे, विधायिकाओं में होने वाली बहसों और चर्चाओं में जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शोध एवं अनुसंधान सहायता को सुदृढ करेंगे. लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएँगे और ऐसे नेतृत्व का समर्थन करेंगे।

### नाराजगी के डर से सच बोलने से घबराएं नहीं : हेमंत कटारे

*युवा विधायक सम्मेलन में मप्र विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने महिला सशक्तिकरण के नाम पर चल रही योजनाओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि हम बोलते हैं कि महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, लेकिन कैसे? आप उनके खाते में 10,000 डालकर कह रहे हैं कि वे सशक्त हो रही हैं? मेरा मानना है कि हर महिला के अंदर काबिलियत है, उसकी काबिलियत का उपयोग करके ही उसे असल में सशक्त बनाया जा सकता है। इसी तरह, अगर युवा को सशक्त बनाना है तो उसे रोजगार दीजिए। कटारे ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदा स्थिति पर तंज कसते हुए कहा। हम कुछ भी बोलने से पहले डरते हैं कि ऐसा बोला तो लोग नाराज हो जाएंगे, वैसा बोला तो महिलाएं नाराज हो जाएंगी, लेकिन अगर हम इस नाराजगी से ही घबराते रहेंगे, तो देश की सेवा कब करेंगे? उन्होंने खुले मंच से ऐलान किया कि वे आज यहां और आगे बाहर भी यही कहेंगे कि देश में चल रही सभी फ्रीबीज योजनाएं बंद होनी चाहिए।*

### भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे विधायक

*युवा विधायक सम्मेलन का समापन होने के बाद विधायक उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे।*

### एमएसएमई मंत्री काश्यप ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

## मुख्यमंत्री की एक दिन पूर्व की घोषणा का 24 घंटे में हुआ पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एक दिन पूर्व की गई घोषणा का 24 घंटे में पालन हुआ है। वित्त विभागकी ओर से उपलब्ध कराई गई 375 करोड़ रुपए की राशि आज ही एमएसएमई विभाग ने 600 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के खातों में प्रोत्साहन तथा अनुदान राशि अंतरित भी कर दी है। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में संपन्न हुए कार्यक्रम में 250 इकाइयों को 169 करोड़ 57 लाख की राशि अंतरित करते हुए मुख्यमंत्री ने शेष इकाइयों से वायदा किया था कि उन्हें भी जल्दी ही मदद की जाएगी। एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने विभाग और उद्यमियों की ओर से मुख्यमंत्री की सहृदयता के लिए आभार व्यक्त किया है।

- सोमवार को मुख्यमंत्री ने 250 इकाइयों को किए थे 169 .50 करोड़ अंतरित

सर्वाधिक रोजगार सृजन के सशक्त माध्यम एमएसएमई के लिए मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेश में निवेश एवं उद्यम का जाल बिछाने की संभावनाओं में वृद्धि करने के उद्देश्य से एमएसएमई विकास नीति 2025 लागू की है। नीति में निवेशकों को विभिन्न सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने तय किया है कि निवेशकों को स्वीकृत सुविधाओं का समयावधि में वितरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश एवं विशेष प्रयासों से वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इकाइयों की लंबित देयताओं के भुगतान के लिए वित्त विभाग की ओर से समुचित बजट आवंटन विभाग को उपलब्ध कराया गया। एमएसएमई इकाइयों को स्वीकृत सुविधाओं के वितरण की निरंतरता में 31 मार्च मंगलवार को 600 से अधिक इकाइयों को राशि रु. 375 करोड़ से अधिक की राशि वितरित की गयी। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इतनी बड़ी मात्रा में अनुदान राशि वितरण होने पर निवेशकों में उत्साह एवं प्रदेश की नीतियों के प्रति विश्वास और प्रबल हुआ है।

'डेड ड्रॉप' सिस्टम से होती थी सप्लाई

## दिल्ली के मास्टरमाइंड सहित 6 गिरफ्तार

### सुनसान स्थानों पर ड्रग्स रखवाकर लोकेशन शेयर की जाती थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में सूखा नशा और सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ रायपुर कमिश्नरेट पुलिस को सफलता मिली है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एएनटीएफ और तेलीबांधा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 48.03 ग्राम एमडीएमए, 8 पार्टी पिल्स, 9 मोबाइल फोन, एक स्प्लेंडर बाइक और ड्रग्स सप्लाई में इस्तेमाल किया गया कुरियर बॉक्स जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत करीब 10 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार इस पूरे सिंडिकेट का संचालन दिल्ली में बैठे मास्टरमाइंड महेश खड़का और कुसुम हिन्दुजा कर रहे थे, जो पहले भी वर्ष 2024 में खम्हारडीह थाना क्षेत्र में ड्रग्स मामले में जेल जा चुके हैं।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 'डेड ड्रॉप सिस्टम' का इस्तेमाल कर रहे थे। इस तरीके में ड्रग्स को सीधे हाथों-हाथ देने के बजाय सुनसान जगहों पर रख दिया जाता था और उसकी लोकेशन व वीडियो ग्राहकों को भेजी जाती थी। इससे पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश की जा रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दिल्ली से ड्रग्स को कोरियर के जरिए रायपुर भेजा जाता था। यहां कुणाल मंगतानी ड्रग्स रिसीव करता था। इसके बाद रैपिडो राइडरों के माध्यम से सुनसान स्थानों पर ड्रग्स रखवाकर लोकेशन शेयर की जाती थी। ड्रग्स की पेमेंट के लिए आरोपियों द्वारा अलग-अलग बैंक खातों का उपयोग किया जा रहा था। एसीसीयू को सूचना मिली थी कि शहर में रैपिडो राइडरों के जरिए एमडीएमए की सप्लाई हो रही है। इस पर पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और डीसीपी (सेंट्रल) उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में टीम गठित की गई। 29 मार्च को तेलीबांधा क्षेत्र के काशीराम नगर के पास पुलिस ने तीन रैपिडो राइडर सौरभ डोंगरे, शुभम राठौर और सौरभ यादव को पकड़ लिया। पूछताछ में इनके पास से मिली जानकारी के आधार पर कुणाल मंगतानी को भी गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस टीम दिल्ली पहुंची और पंचशील विहार से मास्टरमाइंड महेश खड़का और कुसुम हिन्दुजा को हिरासत में लेकर रायपुर लाया गया, जहां उनकी गिरफ्तारी की गई।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

## धमतरी में प्रेमी युगल ने लगाई फांसी, गांव में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के सिहावा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआबाहरा गांव के पास एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। यहां एक खेत में आम के पेड़ से प्रेमी युगल के शव फंदे पर लटके मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने जब पेड़ पर प्रेमी युगल को लटका देखा तो वे स्तब्ध रह गए। देखते ही देखते खबर पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका 17 वर्षीय किशोरी (कक्षा 10वीं), महुआबाहरा गांव की निवासी थी, जबकि युवक मानेस मरकाम (20 वर्ष) गेंदाभरी गांव का रहने वाला था। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध होने की बात सामने आ रही है।



### हर पहलू से जांच जारी

सिहावा थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस प्रेम संबंध, पारिवारिक दबाव सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### दोनों 31 मार्च की शाम से गांव के अपने घर से लापता थे

*बताया जा रहा है कि दोनों 31 मार्च की शाम से घर से लापता थे। जिस खेत में दोनों के शव मिले, वह किशोरी के पिता की ही जमीन बताई जा रही है, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ जारी है।*

पुराने रेट पर रजिस्ट्री कराने आए लोग, आज से प्रॉपर्टी खरीदना महंगा

## आखिरी दिन रिकॉर्ड 1293 रजिस्ट्री विभाग को हुई 32 करोड़ की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर मार्च माह के आखिरी दिन जिले के आईएसबीटी और परी बाजार स्थित पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ उमड़ी। रात 12 बजे तक रिकार्ड 1293 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं, जिनसे विभाग को 32 करोड़ की आय हुई। नई गाइडलाइन लागू होने पर 740 लोकेशन पर 5 से 181 फीसदी तक रेट बढ़ाए गए हैं। इस बार पंजीयन विभाग ने 104 लोकेशनों पर 50 और 50 प्रतिशत से अधिक दाम बढ़ाए गए हैं।

इसके साथ कई लोकेशन पर 100, 150 और 181 फीसद तक बढ़ोतरी की गई है। जिसके तहत एक अप्रैल से इन लोकेशन पर रजिस्ट्री कराने में स्टांप ड्यूटी अधिक चुकाना पड़ेगी। वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन होने की वजह से प्रॉपर्टी खरीदने वालों की भीड़ पंजीयन कार्यालयों में लगी रही। इस दौरान नेट कनेक्टिविटी स्लो होने के कारण बीच-बीच में परेशानी भी हुई, बावजूद रात 12 बजे तक 1200 से अधिक दस्तावेज रजिस्टर्ड हुए। इस बार पंजीयन विभाग ने जिले में साढ़े तीन सौ करोड़ करोड़ रुपए की टॉरगेट से अतिरिक्त आय दर्ज कराई है। हालांकि आखिरी दिन तक करीब बीस करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। वरिष्ठ जिला पंजीयन स्वपनेश शर्मा का कहना है कि प्रॉपर्टी की खरीदारों की सहुलियत को देखते हुए परी बाजार, आईएसबीटी और गोविंदपुरा दफ्तरों में 700-700 स्लॉट कर दिए गए थे। जिससे रात 12 बजे तक रजिस्ट्री की गई हैं।



### फर्जी कॉल कर अस्पताल संचालकों से धन उगाही का मामला

## स्वास्थ्य विभाग के नाम पर फर्जीवाड़ा, 'स्वास्थ्य सचिव' बनकर अस्पतालों से मांगी जा रही रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम पर फर्जी कॉल कर अस्पताल संचालकों से धन उगाही का मामला सामने आया है।

इस गंभीर प्रकरण में विभाग ने रायपुर पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। जारी शिकायत के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति खुद को अजय अग्रवाल बताकर राज्य के विभिन्न निजी अस्पताल संचालकों को फोन कर रहा है। वह अस्पतालों के खिलाफ कथित शिकायत का हवाला देकर उसे खत्म कराने के नाम पर मानसिक दबाव बना रहा है। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से पैसों की मांग भी की जा रही है। इतना ही नहीं, संबंधित लोगों को मंत्रालय बुलाकर भी गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अजय अग्रवाल नाम का कोई भी व्यक्ति सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग या उनके निजी स्थापना में कार्यरत नहीं है।




### विभाग की छवि को पहुंचाया जा रहा नुकसान

विभाग का कहना है कि आरोपी द्वारा सचिव के नाम और पद का दुरुपयोग कर अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे विभाग की छवि भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में एएम अस्पताल, चरौदा (भिलाई) के संचालक डॉ. मनोज पोपटनी और गंगोत्री अस्पताल, आर्य नगर (दुर्ग) के संचालक डॉ. ओम प्रकाश कराडे ने लिखित शिकायत दी है।

### भिलाई, दुर्ग और बिलासपुर के अस्पतालों को बनाया निशाना

इसके अलावा एसआर अस्पताल भिलाई, आरबी अस्पताल बिलासपुर और हाईटेक अस्पताल से भी इसी तरह की शिकायतें मिली हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों से यह आशंका जताई जा रही है कि यह एक संगठित और बड़े स्तर पर संचालित ठगी का नेटवर्क हो सकता है। विभाग ने पुलिस से आग्रह किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी या गिरोह की तत्काल पहचान कर वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अस्पतालों और संबंधित संस्थानों को सतर्कता संबंधी दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

## श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन

# शोभायात्रा निकलेगी, धार्मिक अनुष्ठानों और भंडारों की धूम



**जबलपुर अंजनी पुत्र महाबली पवनसुत हनुमान का जन्मोत्सव आज शहर में पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे और जागरण आयोजित किए गए हैं। इस खास अवसर पर हनुमान भक्त विभिन्न पूजा-पाठ, हवन और कीर्तन के लिए मंदिरों में पहुंचे हैं।**

## चिंतामणि हनुमान मंदिर में भजन संध्या

पाटन बायपास स्थित विदित सिग्नेचर टाउनशिप के चिंतामणि हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जी का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वहीं शाम 4 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होगी तथा रात्रि 7 बजे हनुमान जी की महाआरती संपन्न की जाएगी। मंदिर समिति के सदस्य निमिष अग्रवाल, युवराज तिवारी, गुड्डू शुक्ला, सुधीर तिवारी, चिराग लालवानी एवं पंकज त्रिपाठी ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### शोभायात्रा का आयोजन

हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर आज, 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे गोविंदगंज रामलीला प्रांगण स्थित कटरा महावीर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में राम दरबार, बाल स्वरूप हनुमान और दुर्गाजी की झांकियां शामिल होंगी। यात्रा मिलौनीगंज, सराफा, निवाड़गंज और दीक्षितपुरा होते हुए छोटे फुहारा पहुंचेगी। इसके बाद पूजा-पाठ, भंडारा और शाम 5 बजे से भजन संगीत का आयोजन किया जाएगा।

### सवा लाख नारियलों का हवन

श्री रामलला मंदिर, गौरीघाट में हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई है। यहां सवा लाख नारियलों का हवन किया जाएगा और अभिषेक-पूजन तथा भंडारे का आयोजन भी होगा। इस मंदिर में विशेष रूप से हनुमान जी के दर्शन के लिए गर्भ गृह से श्री हनुमान लला को आम जनता के दर्शनार्थ बाहर निकाला जाएगा।

### भक्ति ज्ञान-गंगा कार्यक्रम

रानीताल चौक स्थित श्री संकटमोचन सिद्धपीठ में आज शाम 6 बजे भक्ति ज्ञानगंगा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हनुमान जी का रुद्राभिषेक, हवन, पूजन, हनुमान चालीसा का पाठ और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### महाआरती और सांस्कृतिक आयोजन

बड़े महावीर मंदिर, बड़े फुहारे के निकट हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यहां सांयकाल महाबली बड़े महावीर की महाआरती का आयोजन किया जाएगा। दिनभर प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

### विशाल भोग और आरती का आयोजन

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय परिसर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह 8 बजे सामूहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ होगा। 9:30 बजे हवन के बाद 51 किलो लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाएगा और 10 बजे विशाल आरती एवं प्रसाद वितरण होगा।

### राम मंदिर मदन महल में श्री हनुमत जन्मोत्सव

राम मंदिर मदन महल में हनुमान जी का जन्मोत्सव 12 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। यहां सुबह 10 बजे से श्री सुंदरकांड का पाठ, 11:30 बजे भजन कीर्तन, 12 बजे हनुमान जी की आरती और 12:30 बजे भजन प्रस्तुतियों के साथ प्रभु का प्रसाद (भंडारा) होगा।

### स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर में विशेष आयोजन

स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर, गेट नंबर 2 राईट टाऊन में हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को असंख्य कन्याओं का कन्यापूजन, कन्या भोग और 24 घंटे विशाल भंडारा एवं निशुल्क नेत्र स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान निशुल्क चश्मा वितरण, दवाई वितरण और स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

### दुग्धाभिषेक, सुंदर कांड, कन्या पूजन कर मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

जबलपुर। श्री शिवा हनुमंत शनि मंदिर सदर में प्रभु हनुमंत लालजी के जन्म उत्सव पर 101 लीटर दूध से महाअभिषेक कर सुंदर कांड, कन्या पूजन के पश्चात विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। श्रद्धालुजनों से उपस्थिति की अपील सीताराम कुरचानिया, अभय नायडू, दीपक रजक, पुष्पेंद्र तिवारी, डीपी कमल, दिनेश मिश्रा, अपूर्व राय, प्रकाश महाराज, निशांत शर्मा आदि ने की है।

## स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर में प्राकट्योत्सव पर विविध धार्मिक आयोजन आज



राईट टाउन स्थित स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर (गेट नंबर-2) में हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर आज विविध धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर संचालक आचार्य पं. धर्मेन्द्र दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 4 बजे जन्म पूजन से होगी, जो 5 ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। प्रातः 5 बजे हनुमान जी का चोला, वस्त्र एवं आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा सुबह 6 बजे संगीतमय जन्म महाआरती होगी। इसके बाद 7:30 बजे सामूहिक सुंदरकांड पाठ, 8:30 बजे आरती एवं 9:30 बजे ध्वजा अर्पण किया जाएगा। प्रातः 10 बजे सुरेन्द्र झारिया द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं 10:30 बजे भोपाल की भजन गायिका रचना श्रीवास्तव भजनों की प्रस्तुति देंगी। 11 बजे कन्यापूजन का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार अजीत मनोचा, भजन गायक अरुण लक्खा, मनोज कांबले, दिलीप कोरी, भजन गायिका इशिता विश्वकर्मा, तेजल विश्वकर्मा, रुपाली कुशमाकर सहित अंतर्राष्ट्रीय श्याम बैंड के करीब 100 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



## आगासौद सिद्धपीठ में सांस्कृतिक कार्यक्रम

सिद्धपीठ हनुमान मंदिर, आगासौद में 2 अप्रैल को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यहां सुबह 11 बजे हवन, पूजन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा, साथ ही कन्या भोज और विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा।

## श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर आयोजन आज

श्री शिव हनुमत शनि मंदिर सदर में श्री हनुमानजी महाराज के प्राकट्योत्सव पर सांय 04 बजे सुन्दर कांड, 06 बजे हवन पूजन एवं महाआरती तथा 07 बजे से विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया जायेगा। मंदिर समिति के सीताराम कुरचानिया, अभय नायडू, दीपक रजक, पुष्पेंद्र तिवारी, डीपी कमल, दिनेश मिश्रा, अपूर्व राय, प्रकाश महाराज, धनंजय बाजपेई, निशांत शर्मा ने सभी भक्तों से उपस्थिति की प्रार्थना की है।



# ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

## यूकेजी के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



**जबलपुर**। ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदर में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन सरस्वती पूजन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूकेजी के विद्यार्थियों ने अगली कक्षा में प्रवेश किया तथा अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। शाला के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का दौर है, जिसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। आधुनिक तकनीकों के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था सह सचिव मयंक श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, सीबीएसई प्रभारी प्राचार्य करण खुराना एवं स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप कोरी, पुष्पांजलि पाठक, ज्योति मिश्रा, शमीमा खान, रविंदर कौर, पूर्वा यादव, प्रिया माइकल, निवेदिता, ममता दीक्षित का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी शुक्ला एवं रिचा राकेश द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन आशिमा लाल ने किया।

### अग्रिमा शुक्ला का सुयश



जबलपुर। दा रॉयल हैरिटेज पब्लिक स्कूल की क्लास एलकेजी की छात्रा अग्रिमा शुक्ला ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की है। अग्रिमा अजय सत्य प्रकाश होम्स तिलहरी निवासी अनुराग शुक्ला श्रीमती गरिमा शुक्ला की होनहार सुपुत्री एवं पत्रकार अनिल मनीषा शुक्ला की प्रपौत्री है।

### श्रेयश पांडेय का सुयश

जबलपुर। सेंट अलोयसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के क्लास 2 के छात्र श्रेयश पांडेय ने 91% अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की है। श्रेयश सिद्ध नवग्रह मन्दिर के संस्थापक, ज्योतिषाचार्य पंडित नरेंद्र पांडेय के प्रपौत्र व अंकित पांडेय श्रीमती नेहा पांडेय के होनहार सुपुत्र है। श्रेयश अपनी ढाई साल की आयु से ही वेद मंत्रो का भाव पूर्ण वाचन कर पूजा पाठ करते आ रहे है।

# मॉडल स्कूल में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव सम्पन्न, विद्यार्थियों को मिली पुस्तकें व साइकिलें

## शासन की मंशा है कि सभी बच्चे खूब पढ़ें, बढ़ें और देश का नाम रोशन करें : विधायक अशोक रोहाणी



**जबलपुर** । शासकीय पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं "स्कूल चले हम" कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही NMMS एवं अन्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने विद्यार्थियों को गुरुजनों एवं अभिभावकों का सम्मान करने की सीख दी तथा टॉपर विद्यार्थियों के लिए क्रूज व हवाई यात्रा की घोषणा की। नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज ने जल संरक्षण का संदेश दिया, वहीं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को नए उत्साह के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राजेश बरसैया, योगेश शर्मा, गौतम बर्बे, कृष्णकांत शर्मा, पारुल राय, मोनिका लकरा, आशीष श्रीवास्तव सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत मोहला में जल प्याऊ का शुभारंभ

**जबलपुर**। जिले के मोहला क्षेत्र में प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित "जलगंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। "जल शक्ति से नव भक्ति" थीम पर आयोजित इस पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी में राहगीरों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। नवांकुर संस्था आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति, धनगवां की सचिव विनीता आदिवासी द्वारा नवरचना समाज सेवी संस्था के सामने जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल से क्षेत्रवासियों एवं यात्रियों को गर्मी में राहत मिलेगी। इस अवसर पर गणेश यादव, कशिश पटेल, बाबूलाल, अच्छेलाल, कृष्णाजी सहित अन्य ग्रामवासी एवं संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस जनहितकारी कार्य की सराहना की। समाज सेविका विनीता आदिवासी ने कहा, "जल ही जीवन की सच्ची शक्ति है, एक बूंद सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति है।"

### महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में प्रवेश उत्सव के साथ नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत

**जबलपुर**। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 अप्रैल 2026 को नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत 'स्कूल चलें अभियान' के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के साथ की गई। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य श्रीमती रुक्मणी कनौजिया की अध्यक्षता एवं बीएसी अजय रजक के विशिष्ट आतिथ्य में उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक, माला एवं आरती के साथ स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तकें वितरित की गईं। प्राचार्य श्रीमती रुक्मणी कनौजिया ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, नामांकन बढ़ाया जाए तथा शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ा जाए। उन्होंने शिक्षकों को योजनाबद्ध डेली डायरी बनाने, प्रत्येक विद्यार्थी का शैक्षणिक पोर्टफोलियो तैयार रखने तथा समय सारणी के अनुसार नियमित अध्ययन कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मंजूषा मैराल, शमिता जग्गी, सी.के. मेहरा, आदित्य पचौरी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं, उनके अभिभावक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## डुंडी रेलवे स्टेशन पर 'जल मंदिर' स्थापित, यात्रियों को मिलेगा शीतल पेयजल

**जबलपुर**। जबलपुर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था काशी ग्राम विकास समिति महगवां द्वारा डुंडी रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधा हेतु 'जल मंदिर' की स्थापना की गई है। इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से गर्मी के मौसम में यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। समिति द्वारा जल मंदिर की नियमित साफ-सफाई एवं जल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने सदस्यों को सौंपी गई है, ताकि यात्रियों को निरंतर सुविधा मिलती रहे। इस अवसर पर स्टेशन मास्टर शंकर सिंह मीणा, समिति अध्यक्ष सनिल यादव, सचिव दुर्गेश कोल, पॉइंट्स मैन मुकेश कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस सराहनीय पहल की स्थानीय लोगों एवं यात्रियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।





## महाकोशल महाविद्यालय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता महिला खिलाड़ियों का किया सम्मान

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में राज्य स्तरीय शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता में पदक प्राप्त महिला खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 20 महिला खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किए।खिलाड़ियों का सम्मान प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ल, संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे एवं जबलपुर संभाग की टीम मैनेजर डॉ. नेहा दवे द्वारा पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया गया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. शालिनी यादव, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. शम्पा जैन एवं डॉ. ज्योति जुनगरे ने बैडमिंटन व टेबल-टेनिस में विजेता खिताब जीता। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. अलका अवस्थी, डॉ. मनीषा सक्सेना एवं डॉ. सीमा धुर्वे विजेता रहीं। 50 वर्ष से कम आयु वर्ग की टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में डॉ. रजना विश्वकर्मा, डॉ. तूलिका गौतम, डॉ. स्वाति इंदुरख्या एवं सुश्री रागिनी मार्को ने जीत हासिल की। बैडमिंटन में डॉ. रजना विश्वकर्मा, डॉ. रश्मि पटेल, डॉ. विभा श्रीपाल एवं डॉ. पूजा चतुर्वेदी विजेता रहीं। ओपन प्रतियोगिता में डॉ. अनीता झरिया, डॉ. आकाशा मरावी, सुश्री वैशणवी मसराम एवं डॉ. विभा चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. राविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रसाद प्रजापति, डॉ. मीना केलर, डॉ. धीरज त्रिपाठी, श्रीमती बबिता ठाकुर, सुश्री राधा सैनी, श्री परसराम बमोरिया, श्री सुरेश रजक, विश्राम उईके, शशिकांत स्वामी एवं गगन ठाकुर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।